वर्ष- 22 अंक - 81 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, गुरुवार 03 सितंबर 2026



## आप से भाजपा में गए राघव चड्ढा का नाम गायब

**हरियाणा.एजेंसी।** पंजाब की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से बीजेपी सांसद राघव चड्ढा का नाम गायब होने के बाद सियासी विवाद तेज हो गया है। चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में उनकी एंट्री 'पर्मानेंटली शफ्टिड' बताई गई है। चड्ढा ने इसे महज गलती मानने से इनकार करते हुए आप सरकार पर राजनीतिक बदले का आरोप लगाया है।




# पाकिस्तान को धूल चटाने वाले अभिनंदन ने छोड़ी एयरफोर्स

**गुरुवार.एजेंसी।** भारतीय वायुसेना के पूर्व ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्धमान ने अपने करियर की नई शुरुआत की है। 2019 में पाकिस्तान के साथ हवाई जंग के दौरान दुश्मन के लड़ाकू विमान को मार गिराने और करीब तीन दिन तक पाकिस्तान की हिरासत में रहने वाले अभिनंदन अब फाइटर जेट नहीं, बल्कि यात्री विमान उड़ाएंगे।

वीर चक्र से सम्मानित अभिनंदन ने अगस्त में गोवा की रीजनल एयरलाइन फ्लाय 91 को पायलट के तौर पर जॉइन किया है। हालांकि, एयरलाइन ने उनकी नियुक्ति की पुष्टि करने से इनकार किया है।

## अमेरिका में गोलीबारी हमलावर भी ढेर

गुरुवार.एजेंसी। अमेरिका के मिनियापोलिस में एक अपार्टमेंट में गोलीबारी हुई। इसमें 2 लोगों की मौत हो गई। गोली चलाने वाला संदिग्ध भी मारा गया है। घटना में 3 पुलिस अधिकारी घायल हुए हैं, जिनमें 2 को गोली लगी है।

## इबोला से मरे 3000 लोग

बुनिया.एजेंसी। अफ्रीकी देश कांगो में इबोला वायरस आम लोगों पर कहर बनकर टूट पड़ा है। यह बेहद तेजी से देश के अलग-अलग इलाकों में फैल रहा है। अब तक 6,186 मामले सामने आए हैं। इनमें से 3,007 लोगों की मौत हो चुकी है।

# 4 घंटे मलबे में दबी रही 97 साल की महिला

## रेस्क्यू के बाद बार-बार पूछा पानी ने मुझे क्यों मारा

**काठमांडू.एजेंसी।** नेपाल में 26 अगस्त को आई भीषण फ्लैश फ्लड में 97 साल की गुना माया बोहरा करीब 4 घंटे तक मलबे में दबी रहीं। नुवाकोट के देविघाट में नदी किनारे बने बुजुर्ग देखभाल केंद्र में रह रही यह महिला बार-बार पूछ रही है कि पानी ने मुझे क्यों मारा। नेपाल की बाढ़ में अब तक 1,222 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि 4,875 लोगों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज है। लापता लोगों में 601 विदेशी नागरिक शामिल हैं। बरामद 1,222 शवों में 406 पुरुष, 236 महिलाएं, 43 बालिकाएं और 34 बालक शामिल हैं। इसके अलावा 421 आंशिक मानव अंग और 82 ऐसे शव या अवशेष भी मिले हैं, जिनकी पहचान



नहीं हो सकी है। अब तक 882 शवों का अंतिम प्रबंधन किया जा चुका है।

# खतरे के निशान से पार हुई गंगा

## बिहार के 13 जिलों में बाढ़ हिमाचल में 175 सड़कें बंद

गुरुवार.एजेंसी। **पटना में गंगा खतरे के निशान से करीब 2 फीट ऊपर बह रही है। बिहार के 13 जिले बाढ़ की चपेट में हैं, जबकि 8 नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। काशी में वरुणा नदी के किनारे रहने वाले 407 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।**

हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में बुधवार रात तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड की वजह से 175 से ज्यादा सड़कें बंद हो गईं। कालका-शिमला फोरलेन पर भारी मलबा गिर गया। इससे कई गाड़ियां रातभर फंसी रहीं। मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम-छिंदवाड़ा में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। छतरपुर में स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी। डबरा में मकान की छत ढहने से दो लोगों की मौत हो गई।

## भैंस के जन्मदिन पर काटा केट

**बलिया.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के बलिया में एक भैंस का जन्मदिन अनोखे अंदाज में मनाया गया। राजेश



कुमार वर्मा ने अपनी भैंस 'बसंती' का चौथा जन्मदिन मनाया। गुब्बारों से सजावट हुई, सिर पर 'हैप्पी बर्थडे' की कैप पहनाई गई, गले में फूलों की माला डाली गई और सामने दो-दो केक रखे गए। केक काटकर बसंती को खिलाया गया और गांव वालों ने तालियां बजाकर बधाई दी।

## पाकिस्तान में और महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान में एक बार फिर पेट्रोल-डीजल पर महंगाई का बम फूटा है। पेट्रोल की कीमत में 1.08 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है, तो वहीं हाई-स्पीड डीजल का दाम भी 0.51 रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिया है। 1 लीटर पेट्रोल की रिटेल कीमत बढ़कर 343.87 रुपये प्रति लीटर हो गई है, तो वहीं हाई स्पीड डीजल का दाम उछलकर 370.92 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है।

## मोदी की फोटो हटाने के मामले में मनसे कार्यकर्ता गिरफ्तार

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई में प्रधानमंत्री मोदी की फोटो हटाने के मामले में मनसे कार्यकर्ता आशीष साबले को चतुरश्रृंगी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित समेत 25 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है और साबले भी आरोपियों में शामिल हैं।

## 2 शिक्षकों ने किया 12 बच्चियों से रेप

**बक्सर.एजेंसी।** बिहार के बक्सर में शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। डुमरांव प्रखंड के सरकारी स्कूल में दो शिक्षकों पर 12 बच्चियों से दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप है। वीडियो वायरल होने पर ग्रामीणों ने आरोपियों की पिटाई कर दी। शिक्षा विभाग ने दोनों शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया है। पुलिस केस दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। दोनों शिक्षक अभी फरार हैं।

# तिहाड़ में बंद यासीन मलिक देगा पाकिस्तानी पत्नी को तलाक

**नई दिल्ली.एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर लिब्रेशन फ्रंट के आतंकी यासीन मलिक ने पाकिस्तान में रह रही अपनी पत्नी मुशाल मलिक से अलग होने का फैसला किया है। दिल्ली में तिहाड़ जेल में सजा काट रहे यासीन मलिक ने श्रीनगर की टाड़ा/पोटा कोर्ट में 25 पेज का एक हलफनामा दायर किया है। इस हलफनामे में यासीन मलिक ने लिखा है, 'मैं नहीं चाहता कि मुशाल अपनी बाकी ज़िंदगी इन हालात के बोझ तले या एक विधवा की तरह बिताए; मैं चाहता हूं कि वह सम्मान और उम्मीद के साथ अपनी ज़िंदगी का एक नया चैप्टर शुरू करे।' मौत की सजा से डरे यासीन मलिक ने अपने हलफ़नामे



में पत्नी को कहा है, 'तुम मुझसे 20 साल छोटी हो। आपसे गुज़ारिश है कि हिम्मत जुटाकर सम्मान और उम्मीद के साथ अपनी ज़िंदगी का नया चैप्टर शुरू करें। फांसी पर चढ़ने से पहले, मैंने आपको निकाह के बंधन से आज़ाद करने का फ़ैसला किया है।'

यासीन मलिक तिहाड़ जेल में मुख्य रूप से आतंकी फंडिंग मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है। उसके खिलाफ कई पुराने मामले भी लंबित हैं या नए आरोप लगे हैं। इनमें 1990 में कश्मीरी पंडित नर्स सरला भट्ट की हत्या, 1990 के एयरफोर्स जवानों की हत्या जैसे मामले शामिल हैं।


श्री महेन्द्र हार्डिया जी
(विधायक जी)
संतोष यादव
(ब्लॉक क्रं. 22 अध्यक्ष)
दीपक राजोरिया
(मण्डल अध्यक्ष)
मलखान कटारिया
(पार्षद)
रोशन चौहान
(मण्डल उपाध्यक्ष)
धर्मेन्द्र यादव (पह.)
(मण्डल महामंत्री)
मिथुन यादव
(पूर्व खेल प्रकोष्ठ चेयरमेन, म.प्र.)
दीपक पाल
दीपक मिश्रा
मनोज यादव
सूरज जोशी
श्याम यादव
जितेन्द्र यादव
संदीप यादव
अंकित यादव
ब्रजेश यादव (पह.)
आशिष यादव (पह.)
कपिल पांड्या
भव्य शोभायात्रा
एवं चल समारोह
4 सितम्बर (शुक्रवार)
स्थान : चौधरी पार्क से मुसाखेड़ी रिंग रोड चौराहा
दिनेश यादव जी
अध्यक्ष
कालू यादव जी
उपाध्यक्ष
रमेश यादव जी
यात्रा प्रभारी
यश यादव
दीपक यादव जी
(मण्डल उपाध्यक्ष)
रवि यादव
प्रशांत यादव
अमर यादव
सतीश यादव
नवनीत यादव
अशोक यादव
भागीरथ यादव
छोटी तिवारी
विशाल चौहान
लोकेश गुर्जर
विकास यादव
लाला जोशी
प्रवीण यादव
रोहित कुमावत
सागर बामनिया
अंकेश गुरू
नौशाद भाईजान
सचिन देशमुख
सूरज यादव
अर्जुन यादव
धर्मेन्द्र यादव
गोपाल यादव
राज यादव
रमन यादव
निवेदक : दीपक यादव (भगवान)
चंदन यादव

# कांग्रेस की बैठक में तीन लोगों को ही मिला बोलने का मौका

## कई नेता को था भरोसा, मिलेगा माइक लेकिन ऐसा नहीं हुआ



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शुभकारज गार्डन में शहर कांग्रेस के जिम्मे कई बैठक के आयोजन हुए। मंच पर प्रदेश कांग्रेस के कई दिग्गज नेता बैठे रहे, मगर बोलने का मौका राहुल गांधी के करीबी के.बी. बैजू, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और जीतू पटवारी को मिला। कई नेता बोलने का मौका ढूंढ रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बैठक में भाराछासं को छात्रों को जोडकर रजिस्ट्रेशन कराने की और युवक कांग्रेस को छात्रों को आने-जाने की सुविधा का ध्यान रखने की जिम्मेदारी दी गई। विधायकों को इन्दौर-उज्जैन सम्भाग के 15 जिलों को और विधानसभा उम्मीदवारों को अपने-अपने जिलों की जिम्मेदारी पटवारी और चौधरी ने सौपी। पटवारी ने कहा कि विधायक और पार्षद के उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्रों से ज्यादा से ज्यादा छात्रों के रजिस्ट्रेशन करवाएगा वह आगे राजनीतिक लाभ पाएगा और उन्हें निगम चुनाव में पुरस्कृत भी किया जाएगा। कार्यक्रम में पंजा नहीं दिखेगा छात्रों की गूंज सुनाई देंगी। छात्रों के लिए आयोजन है। शोभा ओझा के अनुभव का लाभ युवतियां ले। राहुल गांधी के कार्यक्रम तक कोई धरना-प्रदर्शन ना करे केवल छात्रों की गूंज पर फोकस करे। वहीं प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा तक प्रदेश कांग्रेस से लेकर शहर-जिला सभी कोई दूसरे धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन नहीं करे, केवल छात्रों के रजिस्ट्रेशन कराए। वहीं जीतू पटवारी ने नेहरू स्टेडियम नहीं होने पर दूसरी जमीन उपलब्ध कराने की बात भी कही थी।

### कैलाश विजयवर्गीय के घर जाकर सज्जन वर्मा कराएंगे रजिस्ट्रेशन

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने सज्जनसिंह वर्मा को कहा कि वे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निवास पहुंचे और वहां जो-जो छात्र और युवा हो उनके रजिस्ट्रेशन करवाए।

### राहुल का आयोजन और गणेश चतुर्थी व पर्युषण पर्व पर शाम को आयोजन

इधर कल जैसे ही 12 सितम्बर की जगह 19 सितम्बर का कार्यक्रम तय हुआ वैसे ही कांग्रेसियों में चर्चा शुरू हो गई और सोशल मीडिया पर भी यह लिखा गया कि गणेश चतुर्थी का पर्व 14 सितम्बर से 10 दिनों तक चलेगा और इधर श्वेताम्बर और दिगम्बर जैन समाज के पर्युषण भी अलग-अलग चलेंगे। गणेशजी के आयोजन और जैन समाज में भी शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं इसलिए कई दिक्कतें आएगी।

### टीम अश्विन जोशी भी पहुंची थी

कल पूर्व विधायक स्व. अश्विन जोशी की टीम भी शुभकारज गार्डन बैठक में पहुंची थी। कांग्रेसियों ने उससे कयास लगाए कि आने वाले विधानसभा चुनाव में अश्विन जोशी के बेटे या पत्नी की दावेदारी टिकिट के रूप में हो सकती है।

### कांग्रेसियों को डीपी पर लगाना होगी छात्रों की गूंज

राहुल गांधी के करीबी केबी बैजू ने कल उद्बोधन में कहा कि कांग्रेसी सोशल मीडिया पर प्रचार करें और छात्रों व युवाओं को जोड़े उन्हें राहुल गांधी के मिशन छात्रों की गूंज के बारे में बताए और ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन कराए। जितने भी कांग्रेसी है वे डीपी पर छात्रों की गूंज का फोटो लगाए और सोशल मीडिया पर एक मात्र छात्रों की गूंज आयोजन का प्रचार-प्रसार करें।

### शहर कांग्रेस चाहती है राहुल से 250 लोगों का प्रतिनिधि मंडल मिलाना

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से आग्रह किया कि वे राहुल गांधी के कार्यक्रम में शहर कांग्रेस के 250 प्रतिनिधि मंडल मिलाने की स्वीकृति कराए। राहुल गांधी के आयोजन की सारी व्यवस्था शहर और जिला कांग्रेस को करना है। यह भी कहा गया कि प्रदेश कांग्रेस जो-जो काम बताएगी वह शहर-जिला कांग्रेस करेगी।

### उमंग सिंघार कराएंगे 5 हजार रजिस्ट्रेशन

छात्रों की गूंज में 50 हजार छात्रों का लक्ष्य रखा गया है, इसमें विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार को अकेले 5 हजार छात्रों के रजिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी मिली है।

### जिला कांग्रेस में भी तीन उद्बोधन

जिला कांग्रेस की बैठक होटल सोलारिस में शाम 5 से 6.30 बजे तक चली उसमें भी प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और राहुल गांधी के करीब केबी बैजू ने उद्बोधन दिए। इन तीनों लोगों के आने के पहले विजयलक्ष्मी साधौ, अजयसिंह रघुवंशी और विधानसभा प्रभारियों ने उद्बोधन दिए थे बाकी किसी नेताओं को मौका नहीं मिला।

### आज आएगा रजिस्ट्रेशन का क्यूआर कोड

### शहर कांग्रेस की हुई भीड़ के साथ बैठक

कल बैठक के दौरान शहर कांग्रेस की भी बैठक हुई थी, जिसमें बड़ी भीड़ कांग्रेसियों की जूटी थी उससे हरीश चौधरी, जीतू पटवारी और केबी बैजू भी खुश हुए थे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे मंच पर नहीं बैठे सामने दर्शक दीर्घा में बैठे। चिन्टू चौकसे ने बताया कि आज छात्रों की गूंज के लिए छात्रों के रजिस्ट्रेशन को लेकर क्यूआर कोड शहर कांग्रेस के पास पहुंचेगा और आज से ही कांग्रेस छात्रों का रजिस्ट्रेशन शुरू कर देगी। चिन्टू चौकसे ने 50 हजार लक्ष्य के मुकाबले एक लाख रजिस्ट्रेशन करने का दावा किया है और कहा कि वरिष्ठ नेताओं से लेकर कार्यकर्ता तक इस लक्ष्य को पूरा करेंगें।

## महापौर और भाजपा से मांगा कांग्रेस ने जवाब

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि न्यायालय के निर्देश के कई मामलों में अवहेलना होती है, जिनमें एमजी रोड पर केवल 5 जुलूस परम्परागत को ही स्वीकृति है, इससे ज्यादा जुलूस कैसे निकल रहे हैं। पटेल बावड़ी मामले में अदालत फैसले का पालन क्यों नहीं किया जा रहा है। यातायात संकेतक, जेन्ट्री पर बैनर-होर्डिंग-पोस्टर ना लगाए, नेहरू स्टेडियम में केवल खेल गतिविधि हो जैसे नियम को भी नगर निगम और भाजपा ने दरकिनार कर रखे हैं, इन पर महापौर और भाजपा अध्यक्ष को जवाब देना चाहिए। नेहरू स्टेडियम में भाजपा ने किस कानून के तहत आयोजन किए। महापौर ने स्टेडियम कायाकल्प पर 500 करोड़ की योजना की झूठी घोषणा की थी, अगर घोषणा झूठी नहीं है तो नेहरू स्टेडियम का कायाकल्प होगा और उस समय खेल गतिविधि रोकना पड़ेगी उस पर भी महापौर की चुपी है। मल्हार आश्रम स्कूल के खेल मैदान पर सबसे ज्यादा खेल गतिविधि का संचालन होता था वहां स्कूल व अन्य निर्माण किए गए हैं, खेल मैदान छोटा कर दिया गया। होलकर कॉलेज के खेल मैदान पर किसी संस्था का अघोषित कब्जा है, अटल खेल संकुल का ठीक से उपयोग नहीं हो रहा है। दो नंबर विधानसभा में खेल मैदान की भूमि पर आईटीआई के जय अम्बे नगर बसा दिया गया। वैष्णव स्कूल के खेल मैदान पर स्कूली बस खड़ी रहती है, खालसा कॉलेज के खेल मैदान पर विवाह समारोह होते हैं। भाजपा की 2003 से और निगम परिषद 1999 से काबिज है, बताए इंदौर में कौन-कौन से खेल मैदान बनाए गए और विकसित किए गए। द्विवेदी ने महापौर से पूछा महू नाका तरण पुष्कर पर अघोषित कब्जा किसका, नेहरू पार्क तरण पुष्कर की बदहाली क्यों, सुगन देवी महाविद्यालय की जमीन पर अवैध मार्केट क्यों बना। निगम और भाजपा को संकीर्ण मानसिकता नहीं रखना चाहिए और बड़ी-बड़ी डींग भी नहीं हाकना चाहिए।

## पटवारी और चौकसे आज शाम करेंगे जैन संतों के दर्शन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आनन्द जैन कासलीवाल ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे शहर में विराजित जैन संतों के दर्शन आज शाम से करेंगे। दोनों नेता शाम 4 बजे नेमीनगर जैन कालोनी में और शाम 5 बजे नृसिंह वाटिका में, शाम 6 बजे दलालबाग छत्रपति नगर पहुंचकर विराजित जैन संतों के दर्शन कर आशीर्वाद भी लेंगे।

## विजयवर्गीय बोले...कांग्रेसियों के बैनर से अच्छा अपने ही लग जाए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय का आगामी दिनों जन्मदिन है।कल उन्होंने इसको लेकर कहा कि में हर बार अपने जन्मदिन के पहले समर्थकों को बैनर-पोस्टर लगाने के लिए मना कर देता हूं। इसके लिए पहले ही एक सूचना जारी कर देता हूं। इस बार राहुल गांधी का दौरा मेरे जन्मदिन पर ही प्रस्तावित था, मैने अभी तक बैनर नहीं लगाने की सूचना इसलिए ही जारी नहीं की थी कि कांग्रेसियों के बैनर लगे इससे अच्छा है अपने ही लग जाए। हालांकि अब राहुल गांधी का कार्यक्रम 19 सितंबर को होगा।इसके बाद विजयवर्गीय ने भी अपने जन्मदिन पर बैनर पोस्टर शहर में नहीं लगाने के लिए कहा।

## जैन समाज में चातुर्मास के दौरान व्यंजन प्रतियोगिता

### कई समाजजन बोले संत के माध्यम से हो रहा है धर्म लाभ, चातुर्मास स्थल पर नहीं होना चाहिए आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। केसरबाग रोड स्थित घुंघट गार्डन में आचार्य सुनील सागर म.सा. के सानिध्य में चातुर्मास चल रहा है। सामाजिक संसद के एक धड़े द्वारा महिला सम्मेलन के नाम पर व्यंजन प्रतियोगिता के नाम पर कल 5 सितम्बर को यहां किया जाना है। जैन समाजजनों ने सोशल मीडिया पर इसका विरोध करते हुए लिखा कि तप और त्याग वाले संत के सानिध्य में व्यंजन प्रतियोगिता का नाम देना ही गलत है। धर्म के नाम पर व्यंजन संस्कृति को भी गलत बताया गया। कुछ लोगों ने इसे अपनी धार्मिक राजनीति सजाने की दुकान बताया। कई लोग उपवास कर रहे हैं, संत दिन में एक बार आहार ले रहे हैं, यह भी सोशल मीडिया पर लिखा गया कि कौन से जैन धर्म या शास्त्र में यह लिखा है कि इस तरह का आयोजन किया जाना चाहिए। कुछ लोगों ने लिखा कि इस आयोजन से समाज दिशा भ्रमित नजर आने लगा है और नेतृत्व पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## कांग्रेस को मिला राहुल गांधी के आयोजन के लिए और समय



इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में कल शहर और जिला की अलग-अलग बैठकें और प्रदेश स्तर की बैठक शुभकारज गार्डन और सोलारिस गार्डन में हुई। मीडिया से चर्चा में चौधरी और पटवारी ने बताया कि राहुल गांधी अब 12 सितम्बर की बजाय 19 सितम्बर को 'छात्रों की गूंज' में छात्रों से करेंगे सीधा संवाद करेंगे। पटवारी के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र की जानकारी भी दी गई जिसे सिटी ब्लास्ट ने पहले ही प्रकाशित कर दिया था। यह भी बताया कि कार्यक्रम में शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, पेपर लीक, युवाओं के अधिकार और उनके भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रों की बात सुनी जाएगी। कार्यक्रम के लिए कांग्रेस ने इंदौर के नेहरू स्टेडियम को उपलब्ध कराने की मांग की थी। नेताओं ने कहा कि अगर स्टेडियम नहीं होता है तो कांग्रेस जिला प्रशासन से चर्चा और अन्य उपयुक्त स्थान पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। कांग्रेस का उद्देश्य स्थान को लेकर विवाद खडा करना नहीं है, बल्कि राहुल गांधी की आवाज छात्रों तक पहुंचाना है। हरीश चौधरी ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। भाजपा सरकार को छात्रों और युवाओं की आवाज से डरने के बजाय उसे सुनना चाहिए। 'छात्रों की गूंज' पूरी तरह युवाओं के सवालों और उनके भविष्य से जुड़ा कार्यक्रम है। लोकतंत्र में किसी भी विचार या संवाद से डरने के बजाय उसका स्वागत किया जाना चाहिए। कांग्रेस चाहती है कि भाजपा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचे और छात्रों के हित में राहुल गांधी के संवाद कार्यक्रम के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराए। पटवारी ने कहा कि 'छात्रों की गूंज' का उद्देश्य युवाओं के सपनों, उनकी समस्याओं और शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े सवालों को सामने लाना है, लेकिन छात्रों की आवाज को किसी भी कीमत पर दबने नहीं दिया जाएगा। राहुल गांधी के करीबी के.बी. बैजू, मनोज त्यागी, उमंग सिंघार, अरूण यादव, अजयसिंह, ओमकार सिंह मरकाम, कांतिलाल भूरिया, सज्जनसिंह वर्मा, बाला बच्चन, विजयलक्ष्मी साधौ, मुकेश नायक, चिंटू चौकसे, विपिन वानखेडे, सत्यनारायण पटेल, शोभा ओझा, उषा नायडू, कमलेश्वर पटेल, सहित कई नेता, विधायक और पदाधिकारी कल अलग-अलग बैठकों में मौजूद रहे। उक्त जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने जारी की।

# अटके नक्शों को मिली राह, अब डाटा फॉर्म से आसान होगी भवन अनुमति

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** वर्षों से भवन निर्माण की अनुमति का इंतजार कर रहे इंदौर के हजारों रहवासियों के लिए राहत की खबर है। मध्य क्षेत्र के ऐसे इलाकों में, जहां स्थल अनुमोदन की तकनीकी अड़चन के कारण भवन नक्शे अटके हुए थे, अब डाटा फॉर्म के माध्यम से नक्शा स्वीकृति का रास्ता साफ हो गया है। इसके साथ ही मध्य क्षेत्र से बाहर के ऐसे क्षेत्रों को भी इसका लाभ मिलने की उम्मीद है, जहां इसी तरह की समस्या के कारण भवन अनुज्ञा नहीं मिल पा रही थी।

दरअसल, पुराने और पहले से बसे हुए कई इलाकों में लोगों के पास जमीन की रजिस्ट्री होने के बावजूद भवन का नक्शा स्वीकृत कराने में परेशानी आती थी। इसकी प्रमुख वजह संबंधित भूखंड का नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से स्थल अनुमोदन या अभिन्यास से जुड़ी प्रक्रिया पूरी नहीं होना थी। नतीजतन लोग नया मकान बनाने या पुराने मकान के पुनर्निर्माण की अनुमति के लिए लंबे समय तक कार्यालयों के चक्कर लगाते रहे। डाटा फॉर्म को सरल भाषा में ऐसी व्यवस्था माना जा सकता है, जिसमें निर्धारित शर्तों के तहत उपलब्ध भूमि और रिकॉर्ड संबंधी जानकारी के आधार पर भवन अनुज्ञा की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। हालांकि इसका अर्थ नियमों से पूरी छूट नहीं है। भूखंड का क्षेत्रफल, भूमि उपयोग, सड़क, निर्माण का प्रस्ताव और अन्य निर्धारित शर्तों की जांच के बाद ही अनुमति दी जाएगी। पूर्व में इंदौर के मध्य क्षेत्र के 36 इलाकों में स्थल अनुमोदन की समस्या के कारण नक्शे अटकने की जानकारी सामने आई थी। डाटा फॉर्म के जरिए इन मामलों को आगे बढ़ाने की पहल की गई थी। अब शासन स्तर पर भूमि विकास नियमों में किए गए बदलाव से इस व्यवस्था को और व्यापक आधार मिलने की उम्मीद है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि नियमों में संशोधन से छोटे भूखंडों पर भवन निर्माण और पुनर्निर्माण की प्रक्रिया सरल होगी तथा नागरिकों को राहत मिलेगी। इस बदलाव से उन नागरिकों को विशेष फायदा हो सकता है, जिनके भूखंड पहले से विकसित और आबाद क्षेत्रों में हैं, लेकिन केवल तकनीकी अनुमोदन की समस्या के कारण नक्शा स्वीकृत नहीं हो पा रहा था। हालांकि बड़े या अविकसित भूखंडों के लिए संबंधित विभाग की आवश्यक अनुमतियां पहले की तरह जरूरी रहेंगी।

## यशोदा माता मंदिर पर दो दिनों तक होगा गोद भराई आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर के मध्य प्राचीन यशोदा माता मंदिर खजूरी बाजार में तीन दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर को विशेष रोशनी से सजाया गया है। यशोदा माता मंदिर में मुख्य महोत्सव कल 4 सितम्बर शुक्रवार को भगवान के जन्म का मनाया जाएगा।

भगवान और माता यशोदा का विशेष शृंगार होगा। इस बार मंदिर को बैकुंठधाम का रूप दिया गया है। रात्रि 12 बजे महापूजा और आरती होगी, प्रसाद का वितरण भी होगा। 5 सितम्बर को नन्दोत्सव और छप्पन भोग के दर्शन शाम 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक होंगे। शनिवार की रात 9 बजे मंदिर परिसर में बाबू राजोरिया द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 6 सितम्बर को लड्डू गोपाल को झूला झुलाया जाएगा। दर्शन शाम से रात तक होंगे। महेन्द्र दीक्षित ने बताया कि संतान प्राप्ति के लिए यशोदा माता की गोद भराई का आयोजन कल 4 एवं दूसरे दिन 5 सितम्बर को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। फरियाली सिंघाड़े की पंजेरी भी बनाई जा रही है। वहीं फरियाली खिचड़ी और माखन मिश्री का विशेष प्रसाद भी बांटा जाएगा। कुल मिलाकर कल से तीन दिनों तक याने रविवार की रात तक आयोजन माता यशोदा के मंदिर में होंगे।

**भगवान कृष्ण का जन्म महोत्सव भी मनाया जाएगा**

## कैलोद हाला में प्राधिकरण बनाएगा 46.5 करोड का रेलवे ओवरब्रिज

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा कैलोद हाला में रेल्वे लाइन पर 46.5 करोड रुपए खर्च कर ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इस काम को अंजाम देने की दिशा में प्राधिकरण की ओर से पहल शुरू हो गई है।

प्राधिकरण के द्वारा हाल ही में हुई संचालक मंडल की बैठक में इंदौर शहर में दो स्थानों पर फ्लाईओवर ब्रिज बनाने का फैसला लिया गया है। इस फैसले का क्रियान्वयन शुरू होने की बेला आने में अभी समय लगेगा। उसके पहले प्राधिकरण के द्वारा मास्टर प्लान में प्रावधान की गई सड़क एम आर 12 के अंतर्गत आ रहे कैलोद हाला में रेलवे लाइन पर रेल ओवर ब्रिज बनाने की दिशा में काम शुरू किया जा रहा है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे के किलोमीटर 67/10-11 पर यह ओवर ब्रिज बनाया जाएगा। यह रेलवे ओवर ब्रिज इंदौर स्टेशन और देवास रेलवे स्टेशन के बीच में आने वाले स्थान पर बनेगा। इस ओवर ब्रिज के बन जाने से यहां पर जो अभी रेलवे फाटक है वह भी बंद हो जाएगा। इस क्षेत्र से गुजरने वाले वाहन चालकों को इस रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण से सुविधा मिलेगी। और वह गति के साथ अपने मुकाम की ओर जा सकेंगे। इस रेलवे ओवरब्रिज के लिए प्राधिकरण के द्वारा जो योजना तैयार की गई है उसकी लागत 46.5 करोड रुपए है। इस कार्य को अंजाम देने के लिए एजेंसी का चयन करने हेतु प्राधिकरण के द्वारा टेंडर भी जारी कर दिया गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों को उम्मीद है की पहली बार में ही इस काम को अंजाम देने वाली एजेंसी हमें मिल जाएगी और फिर हम उस एजेंसी के माध्यम से अपना काम तेज गति से कर सकेंगे।

### पिछले साल दी थी चार फ्लाईओवर ब्रिज की सौगात

*इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा पिछले साल ही इंदौर शहर को चार फ्लाईओवर ब्रिज की सौगात दी गई थी। इसमें खजराना, भंवरकुआं तथा फूटी कोठी चौराहे के फ्लाईओवर ब्रिज पर बेहतर तरीके से यातायात का संचालन हो रहा है। लवकुश चौराहे पर बनाए जा रहे डबल डेकर रेलवे ओवरब्रिज में एक लाइन पिछले साल शुरू हो चुकी है और दूसरी लाइन आने वाले दिनों में पूरी तरह से शुरू हो जाएगी।*

## पार्षद बसवाल का भोपाल में स्वागत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**



विधानसभा 5 में वार्ड क्रमांक 54 के पार्षद एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा में प्रदेश सहमीडिया प्रभारी महेश बसवाल का भोपाल प्रवास के दौरान धार्मिक यात्रा में भाजपा महिला मोर्चा की मातृशक्तियों ने तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर बसवाल ने यात्रा में साधु संतों का भी आशीर्वाद लिया।

## हेरिटेज ट्रेन के फेरे बढ़ाने के लिए अधिकारी को पत्र

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शहर कांग्रेस के संगठन महामंत्री और रेलवे सलाहकार समिति सदस्य संजय बाकलीवाल ने पश्चिमी रेलवे इन्दौर मंडल प्रबंधक डीआरएम को पत्र लिखकर हेरिटेज ट्रेन के फेरे बढ़ाने एवं अधिक से अधिक पर्यटकों को सुविधा उपलब्ध कराने का मुद्दा उठाया। हेरिटेज ट्रेन के माध्यम से इंदौर एवं आसपास के क्षेत्रों के पर्यटकों को प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों का आनंद लेने का अवसर मिलता है। वर्तमान में हेरिटेज ट्रेन सप्ताह में केवल दो दिन संचालित की जा रही है। यात्रियों में इसकी लोकप्रियता इतनी अधिक है कि 27 सितंबर तक की बुकिंग पूरी तरह फुल हो चुकी है। इससे यह स्पष्ट है कि आम पर्यटकों एवं दर्शकों में इस ट्रेन को लेकर काफी उत्साह और मांग है, लेकिन सीमित फेरों के कारण बड़ी संख्या में लोग यात्रा करने से वंचित हो रहे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि इस वर्ष हेरिटेज ट्रेन का संचालन पहले ही विलंब से प्रारंभ हुआ है। ऐसे में पर्यटन सीजन के दौरान इसके फेरे सीमित रहने से इंदौर के पर्यटन को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। बाकलीवाल ने पत्र में मांग की कि हेरिटेज ट्रेन के फेरों में तत्काल वृद्धि की जाए,संभव हो तो पर्यटन सीजन में इसे सप्ताह में अधिक दिनों तक चलाया जाए, यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए अतिरिक्त कोच अथवा अतिरिक्त सेवाएं उपलब्ध कराने पर विचार किया जाए, ऐसी व्यवस्था की जाए कि अधिक से अधिक आम पर्यटक एवं परिवार इस हेरिटेज ट्रेन की यात्रा का आनंद ले सकें। हेरिटेज ट्रेन इंदौर के पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं को भी मजबूत करती है। यात्रियों की भारी मांग को देखते हुए इसके फेरों में वृद्धि करना रेलवे, पर्यटन और आम जनता—तीनों के हित में होगा।

## सवा 2 करोड़ के विकास कार्य की सौगात



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 1 के वार्ड 12 में अमृत-2 योजना के अन्तर्गत नर्मदा लाइन का सवा दो करोड़ के खर्च से काम किया जाएगा, जिसकी सौगात देने महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय सहित पार्षद और अन्य भाजपा पदाधिकारी पहुंचे। 40 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन से 25 हजार से ज्यादा लोगों को पेयजल की स्थाई सुविधा मिलेगी। 6 माह में काम पूर्ण होने की बात भी कही गई। आज से काम शुरू होने की बात भी बताई गई।

## इंदौर में सियासी गर्माहट...राहुल गांधी का 12 सितंबर का दौरा टला





**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आगामी कार्यक्रम की तारीख बदल गई है। 12 सितंबर को होने वाला आयोजन अब 19 सितंबर को निर्धारित किया गया है। नेहरू स्टेडियम में सभा की अनुमति न मिलने से नाराज युवा कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के घेराव की कोशिश की, जिसे पुलिस ने भंवरकुआं चौराहे पर बैरिकेटिंग कर विफल कर दिया। रास्ता रोके जाने से आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने भंवरकुआं पर नारेबाजी करते हुए मनुस्मृति जलाकर विरोध दर्ज कराया। माहौल को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल मुस्तैद किया गया। एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल के अनुसार, पुलिस ने समय रहते प्रदर्शनकारियों को रोककर स्थिति पर पूरी तरह काबू पा लिया है।

**अनुमति न मिलने पर युवा कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन**

## कांग्रेस नेता ने सिग्नल पर कार से ही छात्रा को किया राहुल के कार्यक्रम के लिए निमंत्रित

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** राहुल गांधी का 19 सितंबर को छात्रों की गूंज कार्यक्रम शहर में प्रस्तावित है। इसके लिए कांग्रेस ने छात्रों एवं छात्राओं के रजिस्ट्रेशन करने की योजना भी बनाई है। इसके चलते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह का एक वीडियो सामने आया है। जब वे भंवरकुआ क्षेत्र से गुजर रहे थे तो उन्होंने सिग्नल पर कार की खिड़की खोली और समीप खड़ी कार की दूसरी तरफ बैठी एक छात्रा से संवाद किया। उन्होंने छात्रा को अपने दोस्तों के साथ छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया और बताया कि इसके लिए रेजिस्ट्रेशन भी किए जा रहे हैं। सभी अपना रजिस्ट्रेशन करवाए।

# राजीव गांधी का नाम हटाना राजनीति से प्रेरित-अजय सिंह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह कल इन्दौर बैठक में आए थे और उसके बाद मीडिया से चर्चा में सिंह ने राज्य की भाजपा सरकार द्वारा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को तीन हिस्सों में बांटने और उससे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम हटाने के फैसले की निंदा की है। अजय सिंह ने इसे एक राजनीतिक विद्वेष से भरा कदम बताया और सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि केवल नाम बदल देने से इतिहास के पन्नों और जनता के दिलों से राजीव गांधी के योगदान को मिटाया नहीं जा सकता। अजय सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम हटाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा सरकार ने एक सुनियोजित साजिश के तहत ही राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को तीन हिस्सों में बांटने का प्रपंच रचा है, ताकि देश के महान नेता का नाम इस प्रतिष्ठित संस्थान से विलोपित किया जा सके। उन्होंने भारत के आधुनिक विकास में राजीव गांधी के ऐतिहासिक योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि देश में कंप्यूटर तकनीक और आधुनिक प्रौद्योगिकी को लाने का पूरा श्रेय राजीव गांधी जी को जाता है। उन्होंने ही भारत में कंप्यूटर युग की शुरुआत की थी, जिसने आज हमारे देश को वैश्विक स्तर पर एक आईटी महाशक्ति के रूप में स्थापित किया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनका यह योगदान अविस्मरणीय है और इसके लिए देश उन्हें हमेशा याद रखेगा। अजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की नाम बदलने की राजनीति कर रही है।



## शकर की बढ़ती कीमतों के खिलाफ आप का प्रदर्शन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आम आदमी पार्टी द्वारा वार्ड नंबर 60 के रानीपुरा क्षेत्र में शकर की बढ़ती कीमतों और महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान रानीपुरा, झण्डा चौक, जवाहर मार्ग एवं आसपास के क्षेत्रों में नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च निकाला गया। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए आम जनता से जनसंपर्क किया और उनकी समस्याएं सुनीं।

## समाजवादी पार्टी ने गौसर को बनाया अध्यक्ष





इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। समाजवादी पार्टी महानगर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के नगर अध्यक्ष लालू यादव की अनुशंसा पर समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने सचिन गौसर को समाजवादी पार्टी का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया। वहीं कांग्रेस से 19 वर्ष तक जुड़े रहे सद्दाम मंसूरी ने समाजवादी पार्टी की लाल कैप पहनकर दामन थामते हुए सदस्यता ली। नगर अध्यक्ष बनने पर सचिन गौसर को और सपा में शामिल होने पर सद्दाम मंसूरी को रामबाबू अग्रवाल, रामस्वरूप मंत्री, अमन यादव, भारत पटेल, कमल वाधवानी, सुरेश सूरजवानी ने बधाई दी।

### सद्दाम मंसूरी को भी पहनाई सपा की कैप

## लियो क्लब ने किया छह टीम के लिए खेल का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। लियो क्लब ऑफ इन्दौर द्वारा बोर्ड गेम टेबल से निकलकर असल ज़िंदगी में उतरे इसके लिए लियोपोली-मोनोपोली का आयोजन किया। जिसमें मल्टीप्ले डिस्ट्रिक्ट के विभिन्न क्षेत्रों से थद सदस्यों ने हिस्सा लिया। पारंपरिक मोनोपाली बोर्ड को एक वास्तविक, विशाल खेल के मैदान में बदल दिया गया, जहाँ प्रतिभागी स्वयं खेल के मोहरे बने। विशाल बोर्ड पर चलते हुए उन्होंने प्रॉपर्टी खरीदी, संसाधनों का प्रबंधन किया, सौदे किए और रणनीतिक निर्णय लिए। अधिक से अधिक सदस्यों को मोनोपोली के अनुभव से जोड़ने के लिए रिले चैलेंजेस को खेल का अभिन्न हिस्सा बनाया गया। छह टीमों में 10–12 सदस्य थे, जिन्होंने कई राउंड में आईक्यू और रणनीति, शारीरिक चुनौतियों और यहाँ तक कि स्विमिंग पूल आधारित टास्क में हिस्सा लिया। इन चुनौतियों का प्रदर्शन सीधे मोनोपोली के परिणाम में जुड़ता था, जिससे अधिक से अधिक सदस्यों की भूमिका टीम की यात्रा तय करने में रही। यह आयोजन मल्टीप्ले डिस्ट्रिक्ट से आए थदे के लिए फेलोशिप, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का मंच भी बना। ब्लिस वेलनेस गिफ्टिंग का सहयोग किया।इस स्पोर्ट्स इवेंट को निशांत दीवज, अवनी कोठारी का विशेष सहयोग मिला। लियो क्लब ऑफ इन्दौर ने रणनीति, शारीरिक चुनौतियों और फेलोशिप को एक साथ जोड़ते हुए एक अनोखा अनुभव तैयार किया।





## विहिप ने किया रक्षा बंधन आयोजित

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विश्व हिन्दू परिषद् मालवा प्रांत, इंदौर विभाग के द्वारका जिले के जिला कार्यालय पर रक्षाबंधन पर्व का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुर्गावाहिनी की बहनों और मातृशक्तियों ने भाई-बहन के पवित्र रिश्तों को निभाया।

## पेड़ की छंटाई पर 10 हजार का चालान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

बाणगंगा क्षेत्र में घर के ऊपर आ रहे पिपल के पेड़ की डगाल छंटाई की तो उद्यान विभाग के सुपर वाइजर संजय यादव पहुंच गए और वहां घर मालिक प्रदीप वर्मा से डगाल काटने पर 10 हजार की चालान की बात कही तो उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी नहीं थी कि पेड़ो की छंटाई भी नहीं कर सकते हैं। आखिरकार 10 हजार रु. की चालानी कार्रवाई की गई।





## मोबाइल पर बात कर वाहन चलाने पर चालान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, यातायात विक्रम सिंह रघुवंशी एवं सहायक पुलिस आयुक्त लालबहादुर बौद्ध की उपस्थिति में थाना प्रभारी यातायात जोन-2 राधा यादव एवं टीम द्वारा रेडिसन एवं सत्यसाई चौराहे पर विशेष कार्रवाई अभियान चलाया गया। मोबाइल पर बात कर वाहन चलाने और अन्य मुद्दों पर 65 से अधिक चालान बनाए गए।

# इंदौर-भोपाल मार्ग के देवास टोल पर अब नहीं रुकेगी गाड़ी

## प्रदेश में पहली बार ऑटोमेटिक टोल किया तैयार

## बिना ब्रेक लगाए हर गाड़ी सीधे निकल जाएगी और कट जाएगा टोल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**प्रदेश सरकार के द्वारा इंदौर भोपाल मार्ग पर देवास के टोल पर ऐसी व्यवस्था कर दी गई है कि गाड़ी रोकना नहीं पड़ेगी। यहां पर पहली बार ऑटोमेटिक टोल तैयार किया गया है। इस स्टॉल पर बिना ब्रेक लगाए गाड़ी सीधे निकल जाएगी और इस गाड़ी से टोल की राशि कट जाएगी।**

मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के द्वारा इंदौर से भोपाल के बीच में देवास जिले के अंतर्गत आने वाले फंदा टोल नाके पर नई व्यवस्था को आकार दिया गया है। इस व्यवस्था के अंतर्गत इस टोल नाके से गाड़ियां बिना ब्रेक लगाए और बिना रुके 100 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चलते हुए सीधे निकल सकेगी। इस टोल नाका को ऑटोमेटिक टोल नाका के रूप में परिवर्तित किया गया है। अभी इस टोल नाका की एक लाइन पर यह प्रयोग शुरू किया गया है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो फिर पूरे टोल नाके पर ही इस प्रयोग को आकर दे दिया जाएगा।

इस टोल नाका को बैरियर लैस टोल नाका के रूप में परिवर्तित करने के लिए यहां पर फास्टैग रीडर, सेंसर और कैमरे लगाए गए हैं। जैसे ही कोई गाड़ी इस टोल नाका से गुजरेगी वैसे ही सेंसर के माध्यम से गाड़ी की कैटेगरी को पहचानने का काम करेगा इसके बाद में फास्टेग रीडर के माध्यम से गाड़ी के फास्टैग से टोल की राशि काट ली जाएगी। इस नई व्यवस्था को लागू कर दिए जाने से लोगों का टोल नाका पर रुकने का समय बचेगा। इसके साथ ही गाड़ी में ब्रेक लगाने से जो स्पीड समाप्त हो जाती है और फिर वापस गाड़ी शुरू करने पर वह स्पीड बनाने में जितना ईंधन जलता है वह भी बच जाएगा। यह मध्य प्रदेश का पहला ऐसा टोल नाका होगा जिसमें की इस नई व्यवस्था को आकार दिया जा रहा है।

इस व्यवस्था को लागू किए जाने से इंदौर से भोपाल जाने वाले नागरिकों को अभी फायदा मिल सकेगा। इस व्यवस्था के सफल होने पर जब इस पूरे टोल नाका को इस व्यवस्था में तब्दील कर दिया जाएगा तो फिर भोपाल जाने के साथ भोपाल से आने वाले नागरिकों को भी फायदा मिल सकेगा। इस तरह के टोल नाके देश के 6 राज्यों में एक-एक स्थान पर बने हुए हैं। अब इन 6 राज्यों की सूची में मध्य प्रदेश भी शामिल हो गया है। मध्य प्रदेश में इस एक टोल नाका पर की गई व्यवस्था के सफल होने पर यह प्रयोग अन्य टोल नाका पर भी दोहराया जा सकता है।





# कसेरा बाजार स्कूल में मासूम विद्यार्थी बने राधा-कृष्ण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल में आज जन्माष्टमी का पर्व भगवान कृष्ण के जयकारों के साथ मनाया। मासूम छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों को राधा-कृष्ण की वेशभूषा में प्रतिस्पर्धा के रूप में शामिल होना था। एक नहीं कई दर्जन विद्यार्थी राधा-कृष्ण की वेशभूषा में घर से ही सज्जित होकर इस धार्मिक माहौल में स्कूल पहुंचे। वहीं विद्यार्थियों के बीच रस्साखेंच प्रतियोगिता भी हुई। कक्षाओं के विद्यार्थी आपस में विजेता बनने के लिए दो हिस्सों में बंटकर रस्सी खींचते नजर आए।



# सर्वोदय स्कूल के विद्यार्थियों ने फोड़ी मटकी

### भगवान की श्रृंगारित वेशभूषा में दिखे आकर्षक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल सदर बाजार में आज सुबह विद्यार्थी राधा-कृष्ण की वेशभूषा में श्रृंगारित होकर पहुंचे। ज्यादातर कृष्ण की वेशभूषा वाले विद्यार्थियों के हाथों में बांसुरी भी थी। स्कूल में मटकी फोड़ और रस्सी खेंच प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। राधा-कृष्ण गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। विद्यार्थियों में आज भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी का विशेष उत्साह था। कल स्कूलों में अवकाश है इसलिए आज कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# सामाजिक समरसता के साथ छड़ी पूजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधायक मालिनी गौड़ के गृह क्षेत्र लोधीपुरा में सामाजिक समरसता के साथ गोगादेवजी के छड़ी निशान पूजन का आयोजन किया गया। वाल्मीकि समाज के उस्ताद खलीफा एवं वाल्मीकि समाजजन के अलावा अन्य समाज के समाजजन भी मौजूद रहे। गौरव रणदिवे, मालिनी गौड़, एकलव्यसिंह गौड़, गोपीकृष्ण नेमा, कैलाश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



## कल से 5 दिनों तक किताब उत्सव

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिध)। प्रकाशन समूह द्वारा प्रीतमलाल दुआ सभागृह में कल 4 से 8 सितम्बर 5 दिनों तक किताब उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

## सिंधी समाज मना रहा है थदड़ी पर्व

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। चांदनी नरेश फुंदवानी ने बताया कि सिंधी समाज आज थदड़ी पर्व मना रहा है, शीतलामाता की पूजा अर्चना भी की जा रही है। परिवार की खुशहाली की कामना भी की गई। कल ही व्यंजन बना लिए गए थे और आज ठंडे भोजन का भोग माँ शीतला को लगाया गया उसके बाद भोजन का सेवन आज प्रसाद के रूप में किया जा रहा है।






## भाटी का सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिध)। काका हाथरसी राष्ट्रीय पुरस्कार से अशोक भाटी को प्रीतलाल दुआ सभागृह में कई कवियों और कविता प्रेमियों की मौजूदगी में सम्मान किया गया, रचना पाठ भी किए गए।

## न्यायालयों में तीन दिनों तक अवकाश

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इन्दौर अभिभाषक संघ के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि म.प्र. के सभी जिला एवं सत्र न्यायालयों और उनके अधीनस्थ न्यायालयों में कल 4 से 6 सितम्बर तीन दिनों तक अवकाश रहेगा। कल 4 सितम्बर को जन्माष्टमी, 5 सितम्बर को शनिवार और 6 सितम्बर को रविवार होने के कारण यह अवकाश रहेंगे।

# मेगा ट्रेड फेयर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अभय प्रशाल में इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के आयोजन में विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्प, होम डेकोर और पारंपरिक उत्पादों के साथ ईरान, अफगानिस्तान और दुबई से जुड़े उत्पाद भी मौजूद है। आर्ट एंड क्राफ्ट एवं होम डेकोर सेक्शन में मुरादाबाद के हैंडमेड लैंप्स खास आकर्षण बने हुए हैं। धातु पर बेहद बारीक कटवर्क और नक्काशी से तैयार किए गए इन लैंप्स में रोशनी होने पर दीवारों पर खूबसूरत पैटर्न उभरते हैं। हैंगिंग लैंप, शैंडलियर, फ्लोर लैंप और बेडसाइड लैंप की अलग-अलग डिजाइन यहां देखने को मिल रही हैं। इनकी खासियत मशीन से बने उत्पादों के बजाय हाथ से की गई बारीक कारीगरी है। मुरादाबाद की ही कारीगरी में लकड़ी की सर्विंग ट्रे और प्लेट्स पर की गई रेजिन आर्ट भी आकर्षण का केंद्र है। हाथ से तैयार किए गए डिजाइन और सजावटी पैटर्न इन उत्पादों को खास रूप देते हैं। मुंबई से आए स्टॉल पर हैंडमेड म्यूरल, एंटीक क्लॉक और पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई हैं। मेटल पर एनामल कोटिंग से तैयार फ्लावर वास और अन्य डेकोरेटिव आइटम भी यहां देखने को मिल रहे हैं। राजस्थान की व्हाइट मार्बल कला में कारीगरों की महीन नक्काशी देखने को मिलती है। संगमरमर को तराशकर गाय, शेर, हाथी, फव्वारे, देवी-देवताओं की प्रतिमाएं और विभिन्न आकार के शोपीस तैयार किए गए हैं।











# महिलाओं ने किए मंदिर दर्शन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल उपछठ पर युवती और महिलाओं ने व्रत रखा था और शाम को स्नान के बाद निर्धारित सभी मंदिरों के दर्शन कर रात तक अपना व्रत पूरा किया था। जहां-जहां मंदिरों में जगह थी और कीर्तन हो रहे थे वहां इन महिला और युवतियों ने धार्मिक नृत्य भी किए। गोपाल मंदिर में शाम से लेकर देर रात तक जगह नहीं मिली। युवतियों ने अच्छे पति की कामना की। महिलाओं ने भी कामना की। नृसिंह मंदिर नृसिंह बाजार, जानकीनाथ मंदिर गोराकुण्ड, यशोदा माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दर्शन किए। सबसे ज्यादा धार्मिक आस्था गोपाल मंदिर में नजर आई। कई जगह मातृशक्तियों ने फुगड़ी भी खेली। घर पहुंचकर चन्द्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोला।

## चेतन लड्ढा के यहां ठाकुरजी का श्रृंगार शुरू

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी कल मनाई जाना है और इस वर्ष भी ट्विन टॉवर स्कीम नं. 71 में चेतन कामिनी लड्ढा द्वारा भगवान कृष्ण ठाकुरजी के श्रृंगार दर्शन शुक्रवार की शाम से कराए जाएंगे। विगत दिनों से ड्राय फ्रूट से श्रृंगार भगवान के किए जा रहे हैं। भरत लड्ढा और लड्ढा परिवार इस आयोजन से जुड़ा है। बड़ी संख्या में माहेश्वरी समाजजन से लेकर रहवासी, राजनेता और अन्य श्रद्धालु भी दर्शन के लिए पहुंचते हैं। देर रात तक दर्शन होते हैं



# वाल्मीकि महासभा ने की गोगादेवजी की महाआरती

### मोती तेबला चौराहा का नाम महर्षि वाल्मीकि चौराहा रखने की घोषणा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



अ.भा. वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राजेश करोसिया राजा भैया ने बताया कि गोगा पंचमी के अवसर पर महासभा और बालकृष्ण करोसिया सामाजिक शैक्षणिक संस्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में वीर श्री वीर गोगादेव महाराज की महाआरती एवं छप्पन भोग महाप्रसादी का आयोजन गोगादेव मंदिर पंढरीनाथ पर किया गया। महाआरती में मोतीतेबला चौराहा का नाम महर्षि वाल्मीकि चौराहा रखने की घोषणा भी श्रद्धालुओं ने की। मंत्री प्रताप करोसिया, विधायक गोलू शुक्ला, संत किशोरनाथ महाराज बतौर अतिथि आरती में मौजूद रहे। राजेश करोसिया राजा ने बताया कि 101 थाली लेकर महिलाओं ने बाबा की आरती की, महाआरती के पूर्व बाबा जाहरवीर धाम गोरख गद्दी राजमोहल्ला महंत दीपक नाथ, कृष्ण नाथ, नीरज आदिवाल द्वारा गोगाजी के लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। राजेश करोसिया ने बताया कि विधायक शुक्ला ने कहा कि मोती तबेला चौराहा का नाम बदलकर महर्षि वाल्मीकि चौराहा रखा जाएगा तथा चौराहे पर महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति भी लगाई जाएगी, इस पर मौजूद सभी लोगों ने खुशी जाहिर की। प्रताप करोसिया ने कहा कि इंदौर शहर की चारों पंचायत इस कार्य में आपके साथ कंधे से कंधा मिलकर सहयोग करेंगी। राधाकृष्ण की वेशभूषा में नृत्य किया गया और गोगादेव के जयकारे भी लगे। बडी संख्या में चारों पंचायत से जुडे वरिष्ठजन और वाल्मीकि समाजजन सभी बस्तियों से महाआरती में शिरकत करने पहुंचे थे।



## दलालबाग में संत से चिकित्सकों ने भी लिया आशीर्वाद

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में दलाल बाग चातुर्मास में राष्ट्र संत सुधा सागर म.सा. के प्रवचन सुबह सुनने बडी संख्या में दिगम्बर जैन ससमाजजन पहुंच रहे है और संत से आशीर्वाद भी ले रहे है। धर्मसभा में कोकिलाबेन हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने भी आशीर्वाद लिए।

## नीम करौरी धाम द्वारा राम-नाम जाप

### साढ़े 54 हजार भक्तों द्वारा 2 करोड़ 91 लाख 81 हजार 8 बार जाप

#### भारत के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के भक्तों ने लिया राम नाम का जाप

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नीम करौरीधाम इंदौर, पिगडंबर में आयोजित चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह बाबा के पौत्र डॉ. धनंजय शर्मा की मौजूदगी में श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ मनाया गया। फूलबंगला सजाया। बाबा के पौत्र डॉ. धनंजय शर्मा ने बताया कि धाम में 1 करोड राम-नाम जाप का लक्ष्य रखा गया था लेकिन 54 हजार 524 भक्तों ने लक्ष्य से ज्यादा 2 करोड़ 91 लाख 81 हजार



8 बार राम-नाम जाप किया। विदेश में भक्तों ने भी राम-नाम जाप किया। लायंस क्लब ने अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया और महाआरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। नरेश दीक्षित को सम्मानित किया। सुधीर व्यास एवं मनीष शुक्ला ने भजनों की प्रस्तुति दी। शोभा ताई वैद्य एवं डॉ इमरान खान द्वारा अपनी चित्रांजलि अर्पित की। प्राची शर्मा ने शिवा महाराज की रंगोली बनाई। सुदर्शन आयाचित ने प्रस्तुति दी।

## जैन महिलाओं का सम्मेलन होगा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा समस्त महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु 5 सितम्बर को दोपहर 1:30 बजे से नेमी नगर जैन कॉलोनी स्थित 'घूँघट गार्डन' में स्त्रीय वृहद महिला सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं प्रतिभा सम्मान, संयुक्त परिवार अभिनंदन, माता-पिता सम्मान एवं आर्या परिवेशन के आयोजन होंगे। जैन समाज की मातृशक्तियां आयोजन से जुडी है। सामाजिक संसद के पदाधिकारी सहयोग कर रहे है।



## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। एमजेएसएस संस्था द्वारा सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। चेतन शर्मा, जतिन लश्करी, किरण सिंह, रईस खान सहित अन्य मौजूद थे।

## परिचय सम्मेलन और सामूहिक विवाह कराने वाले वाजपेयी के नाम से सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज में शिवप्रकाश वाजपेयी परिचय सम्मेलन और सामूहिक विवाह के आयोजन से सम्भाग स्तर पर बगैर पद और नाम से जुड़े रहते थे। उनकी समाजसेवा पर उनके बेटे सन्नी वाजपेयी ने शिवप्रकाश वापजेयी की स्मृति में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के समाजसेवियों का आयोजन रखा है। सम्मानित होने वाले समाजेसवियों में अजय शुक्ला मुंबई, दीपक मिश्रा कोलकाता, डॉ. सुनील मिश्रा दिल्ली, प्रमोद तिवारी कानपुर, राकेश मिश्रा जयपुर,संजय त्रिपाठी अहमदाबाद, मेघनाथ शुक्ला मंदसौर का गोल्ड मेडल से सम्मान किया जाएगा। यह आयोजन नवम्बर के अंतिम सप्ताह में इन्दौर में ही किया जाएगा।

## सर्व समाज ने किया दीपू यादव का सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भारतीय संविधान सभा, सत्यशोधक समाज अंतर्राष्ट्रीय सर्वसमाज द्वारा यादव समाज केन्द्रीय समिति द्वारा निकाले जाने वाली शोभायात्रा के पहले संयोजक दीपू यादव को भगवान कृष्ण की प्रतिमा देकर सम्मान किया गया। सदाशिव यादव काका, दीपक मलोरिया रानू, दिलीप राजपाल, महेश हलदर, अनोखीलाल, अब्दुल रज्जाक खान, नियामत खान, अजीत रघुवंशी, प्रवीण रघुवंशी, हीरालाल वर्मा, कपिलसिंह चौहान, कैलाशचंद साहू सहित अन्य मौजूद थे। सदाशिव यादव काका का भी सम्मान किया गया।




## मूक-बधिर स्कूल को शैक्षणिक सामग्री

### ब्रोकर्स एसोसिएशन का सेवा कार्य

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर रियल इस्टेट ब्रोकर्स एसोसिएशन द्वारा स्कीम नं. 71 स्थित मूक-बधिर विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को कापिया, पेंसिल, रबर, स्केल एवं शॉपनर भेंट किए गए।नरेन्द्र जैन भटेवरा, पीयूष वाजपेई, सत्यनारायण प्रजापत, प्रकाश राठी, अनिल शर्मा, अजय व्यास, अशोक रूपावत, अभय जैन, दीपक नागर, राजेंद्र नागर, रूपेश दवे, बसंत गोधा, गणेश नामदेव एवं गौरव सोलंकी उपस्थित रहे। स्कूल के उषा पंजाबी, मुरलीधर धामानी, सरोज अग्रवाल ने ब्रोकर्स एसोसिएशन के सेवा कार्य की सराहना की।

## इको-फ्रेंडली मिट्टी के गणेश बनाने की कार्यशाला होगी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज एवं द रोटरी क्लब ऑफ रॉयल्स के तत्वाधान में शनिवार 5 सितंबर को दोपहर 2 बजे से जानकी नगर स्थित स्कूल में बच्चों के लिए इको-फ्रेंडली मिट्टी के गणेशजी बनाने की विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

## डॉ. भरत साबू सम्मानित

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शहर के डॉ. भरत साबू को यूनाइटेड किंगडम की प्रतिष्ठित फेलोशिप से नई दिल्ली में गरिमामय समारोह में आरसीपीई के प्रेसिडेंट प्रो. मार्क



स्ट्रेचन ने सम्मानित किया। डायबिटीज चिकित्सा के क्षेत्र में 36000 से अधिक डायबिटीज मरीजो की देखभाल और सेवा के कार्य में डॉ. भरत साबू पिछले कई वर्षों से सेवारत हैं। डॉ. भरत साबू प्रयास फॉर केयार आफ डायबिटीज सोसायटी के प्रेसिडेंट है। डॉ. भरत साबू ने अपने सम्मान को अपने शहर इंदौर, परिवार, शिक्षकों तथा अपने हजारों मरीजों को समर्पित किया है। इन्दौर आगमन पर सुदामा नगर निवास पर कई समाजजनों ने स्वागत किया। राजकुमार साबू, करण मेनारिया, हीरालाल वर्मा, मनोहर दरबार, नयन राठी, श्यामसुन्दर सोनी, रवीन्द्र भदौरिया, चैतन्य मानुस, बाबू पंवार, सत्यनारायण शर्मा, कनकलता साबू मौजूद थे।

## परशुराम सेना के पदाधिकारी भोपाल जाएंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

परशुराम सेना प्रदेश की बैठक 6 सितम्बर को भोपाल में होगी। प्रदेश के पदाधिकारी और आमंत्रित कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इंदौर से भी करीब 2 दर्जन वाहनों में 70 के करीब पदाधिकारी भोपाल पहुंचेंगे। इंदौर से अनूप शुक्ला सहित अन्य भी मौजूद रहेंगे।

# मालवा मिल पुलिस चौकी से राजकुमार ब्रिज तक अब लगेगी दुर्घटना पर रोक

## बरसों पुराने 1 फीट के बजाय अब 3 फीट चौड़े एक जैसे बन रहे डिवाइडर



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत मालवा मिल चौराहे पर पुलिस चौकी के पास से लेकर राजकुमार ब्रिज तक के लंबे हिस्से में अब आए दिन होने वाली दुर्घटनाएं और हादसें रोकने के लिए निगम ने व्यापारियों की मांग पर एक जैसे डिवाइडर बनाने का काम शुरू कर दिया है। जिसके अंतर्गत क्षेत्रीय पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया द्वारा संत बालीनाथ चौराहे से लेकर राजकुमार ब्रिज तक के हिस्से के व्यापारियों की मांग पर इस क्षेत्र में आए दिन होने वाली दुर्घटनाएं और छोटे - मोटे हादसों को रोकने के लिए यहां सालों पुरानी टूटी - फूटी आधी-अधूरी जालियां उखाड़कर एक फीट के बजाय अब तीन फीट चौड़े एक जैसे डिवाइडर बनाने को लेकर खुदाई कर डिवाइडर निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया है।

### कार्टन बाजार से लेकर ब्रिज के बड़े हिस्से तक होने लगे तैयार

वहीं खास बात यह है कि कार्टन बाजार पर्दे , कंबल के मार्केट से लेकर राजकुमार ब्रिज तक के बड़े हिस्से में एक जैसे डिवाइडर निर्माण का काम शुरू भी हो गया है। व्यापारी टीकम जोशी, अमित जोशी ने बताया सालों पुराने लोहे की जालियों वाले आधे अधूरे डिवाइडर के कारण यहां तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। इसको लेकर पार्षद पहाड़ियां के प्रयासों से नए डिवाइडर निर्माण का कार्य अब तेजी के साथ चल रहा है। यही नहीं कुछ हिस्से में डिवाइडर बनकर तैयार भी होने लगे है। वहीं अब दूसरी तरफ इंदौर समाचार प्रेस से लेकर मालवा मिल चौकी तक के हिस्से में सालों पुराने लोहे के आधे-अधूरे डिवाइडर और कट को तोड़कर उनकी जगह व्यापारियों की मांग पर क्षेत्रीय पार्षद पहाड़िया के प्रयासों से निगम द्वारा एक जैसे मजबूत 3 फीट ऊंचे डिवाइडर निर्माण का कार्य किया जा रहा है।

### तैयार डिवाइडर के बीच नजर आएगी खूबसूरती और हरियाली

वहीं बड़ी बात यह है कि तैयार डिवाइडर के बीच अब आने वाले दिनों में एक से बढ़कर एक पेड़-पौधे लगाकर शानदार हरियाली का काम किया जाएगा। जिससे डिवाइडर पर हरियाली के साथ खूबसूरती भी नजर आएगी। जिसको लेकर यहां काम तेजी के साथ चल रहा है।

# खजराना गणेश मंदिर चतुर्थी महोत्सव के लिए होने लगा तैयार

### आकर्षक लाइटिंग से होने लगी सजावट मुख्य मंदिर के कायाकल्प के साथ दर्शन व्यवस्था में दिखेगा बड़ा सुधार

### परिसर में शुरू होगा आधुनिक सुविधा केंद्र का निर्माण



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। खजराना गणेश मंदिर में 14 सितंबर से शुरू होने वाले गणेश चतुर्थी महोत्सव के लिए तैयारी शुरू हो गई है।जिसके तहत भीतर से लेकर बाहर तक आकर्षक लाइटिंग लगाने का काम भी शुरू हो गया है। इसके अलावा अन्य सजावटी कार्य भी आने वाले दिनों में जल्द शुरू होंगे। इसके अलावा निर्माण कार्य में पहले चरण में मुख्य मंदिर का कायाकल्प के साथ दर्शन व्यवस्था में भी बड़ा सुधार किया जा रहा है। वहीं मंदिर परिसर में प्रसादी दुकान के पीछे खाली पड़ी लंबी - चौड़ी जगह में जी प्लस 2 तीन मंजिला आधुनिक सुविधा केंद्र का जल्द निर्माण कार्य भी शुरू करने की तैयारी है।

**वीआईपी दर्शन व्यवस्था में भी दिखेगा इस बार बड़ा सुधार**–यही नहीं इसके अलावा खजराना गणेश मंदिर प्रबंध समिति द्वारा इस बार वीआईपी दर्शन व्यवस्था में भी बड़ा सुधार किया है। जिसके तहत मुख्य हाल के सामने चार स्टेप में बनी रैलिंग की जगह यहां पक्की स्टेप की व्यवस्था की है। यही नहीं पर्याप्त चौड़ाई और लंबाई में नवीन स्टेप तैयार कर दर्शन व्यवस्था में बड़ा सुधार किया जा रहा है। इसके अलावा भविष्य में यहां बनने वाले फैसिलिटी सेंटर में छोटे बच्चों को खेलने की सुविधा के लिए किड्स जोन के साथ बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को मोबाइल और सामान रखने की सुविधा भी दी जाएगी। इसके अलावा यहां एक अलग से एकांत स्थान पर महिलाएं अपने छोटे बच्चों को फीडिंग भी करवा सकेगी। इसके आलावा मंदिर प्रबंधन समिति की फैसलिटी सेंटर को इस तरह से तैयार करने की प्लानिंग है कि जिससे इस नवीन सुविधा केंद्र में दर्शनार्थियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा में आसानी से मिल सकें।

**बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को एक छत के नीचे मिलेंगी कई सुविधा एक साथ-** मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक भट्ट के मुताबिक प्रसादी दुकान के पीछे खुली भूमि पर आने वाले दिनों में बेहद जल्द अत्याधिक जी प्लस टू नवीन सुविधा केंद्र बनाया जाएगा। जहां बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को एक छत के नीचे कई सुविधाएं एक साथ मिलेंगी। इस केंद्र में बच्चों के लिए किड्स जोन के अलावा भक्तों के मोबाईल जमा करने के लिए व्यवस्था, सामान रखने की दुविधा सहित अन्य व्यवस्था एक केंद्र में करने की तैयारी शुरू हो गई है।

# राऊ बिजलपुर मैनरोड से ट्रेजर टाउनशिप तक 80 फीसदी से ज्यादा सड़क तैयार

### अब बीच के हिस्से में सेंट्रल लाइटिंग और डिवाइडर की बारी



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राऊ विधानसभा के अंतर्गत एबी रोड पर बिजलपुर मेंन रोड से पेट्रोल पंप से भीतर ट्रेजर टाउनशिप कॉलोनी तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी 100 फीट चौड़ी फीडर रोड निर्माण का काम करीब 80 फ़ीसदी से ज्यादा पूरा हो चुका है। वही अब आने वाले दिनों में इस साढ़े ग्यारह करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत वाली मुख्य सीमेंटेड सड़क के बीच के हिस्से में भी तीन फीट की ऊंची हाईट के मजबूत डिवाइडर निर्माण के साथ मार्ग पर रोशनी के लिए जल्द सेंट्रल लाइटिंग लगाकर जगमगाहट करने की तैयारी भी जल्द शुरू होने वाली है। इन दिनों तैयारियां तेजी के साथ चल रही है।

इधर, क्षेत्रीय पार्षद एवं जोन अध्यक्ष ओम प्रकाश आर्य ने बताया वर्तमान में ट्रेजर टाउनशिप कॉलोनी से लेकर एबी रोड को जोड़ने वाली करोड़ों रुपए की लागत वाली मुख्य सड़क निर्माण का कार्य तेजी के साथ चल रहा है। जिसके अन्तर्गत यहां वर्तमान में करीब 80 फ़ीसदी से ज्यादा हिस्से में मुख्य सड़क बनकर तैयार हो गई है। वही बचे हिस्से में भी काम तेजी के साथ चल रहा है। इसके अलावा अब सड़क के बीच के हिस्से में डिवाइडर और सेंट्रल लाइटिंग को लेकर भी तैयारी शुरू हो गई है।

### 90 पोल पर लगेगी 200 से ज्यादा नई एलईडी लाइटिंग

सड़क प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक बीच के हिस्से में से 3 फीट ऊंचे सेंट्रल डिवाइडर के साथ रोशनी के लिए करीब 90 बिजली के नए पोल पर 200 से ज्यादा तेज रोशनी वाली एलइडी लाइटिंग लगाई जाएगी। जिसकी टेंडर प्रक्रिया के बाद जल्द नवीन पोल और लाइटिंग लगाने का काम भी शुरू होगा। वहीं पहले चरण मे एक जैसी ऊंची हाइट के सेंटर डिवाइडर बनाने का काम शुरू होगा।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में अध्यक्ष और महामंत्री

धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने लगातार अध्यक्ष महामंत्री की नियुक्ति के बीच धार नगर अध्यक्ष पद के लिए अक्षय शर्मा और महामंत्री के लिए विपिन राठौर के साथ पंकज जायसवाल को बनाया गया है। कई भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने बधाई भी दी है।



# पिंक सिटी के सामने बगीचे में नया योगा शेड बनकर तैयार

### चतुर्थी से पहले अब इसी माह मिलेगी रहवासियों को सौगात

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वार्ड क्रमांक 54 के अंतर्गत क्षेत्र की पॉश कॉलोनी पिंक सिटी के सामने बरसो से उजाड़ पड़े सालों पुराने बगीचे में क्षेत्र के आमजन रहवासियों के लिए भव्य आधुनिक सुविधाओं वाला वाटरप्रूफ योगा शेड की सौगात मिलने वाली है। जिसके लिए वर्तमान में पुराने बगीचे में नवीन लोहे के स्ट्रक्चर वाले योगा शेड का निर्माण कार्य अंतिम दौर में चल रहा है। बताया जा रहा है कि जिसमें अब सिर्फ प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य होना शेष बचा है। जबकि बाकी हिस्सों में काम चल रहा है। खास बात यह है कि क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल ने बताया नवीन योग केंद्र का निर्माण कार्य अंतिम दौर में चल रहा है। हमारा प्रयास है कि जल्द इसका विधि विधान के साथ विधायक महेंद्र हार्डिया और महापौर पुष्पमित्र भार्गव से लोकार्पण करवाकर आमजन को जल्द नवीन योगा शेड की सौगात दी जाए। जिसके लिए बचे हुए निर्माण कार्य तेजी के साथ पूरे करवाए जा रहे हैं।

# बायपास पर पिपलियाहाना चौराहे से कनाडिया सर्विस रोड के काम में तेजी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बायपास पर बिचोली रोड से लेकर कनाडिया रोड तक बड़े हिस्से में इन दिनों सर्विस रोड निर्माण का कार्य तेजी के साथ चल रहा है। राहत की बात यह है कि निगम द्वारा बनाई जा रही बायपास की सर्विस रोड़ के अंतर्गत वर्तमान में आधे से ज्यादा हिस्से में सड़क बनकर तैयार भी हो गई है, यही नहीं बीच के बचे हिस्से में भी इन दिनों निर्माण कार्य रफ्तार के साथ चल रहा है। इसके अलावा लाइन शिफ्ट करने और ड्रेनेज और स्टार्म वाटर लाइन डालने के साथ सर्विस रोड़ का निर्माण और चौड़ी करण कार्य दिन रात पहले से दुगनी तेजी के साथ किया जा रहा है। यही नहीं खास बात यह है कि इस हिस्से में अंधेरा दूर करने के लिए आने वाले दिनों में जल्द 30 से ज्यादा बिजली के पोल लगाकर क्षेत्र का अंधेरा दूर करने के लिए आकर्षक लाइटिंग लगाने का काम भी आने वाले दिनों में जल्द शुरू करने की तैयारी है। वहीं अभी सड़क निर्माण और चौड़ीकरण के साथ सर्विस रोड़ के साइड वाले हिस्से में रोशनी के लिए नए बिजली के पोल लगाने का काम भी निगम द्वारा हाथों - हाथ करवाया जा रहा है ताकि जब यहां से ट्रैफिक शुरू हो तो अंधेरे के कारण लोगों को परेशानी न हो।

## संपादकीय

# महंगाई की मार : विकास के आंकड़ों के बीच आम आदमी की जेब क्यों हो रही ढीली

पहले चीनी महंगी हुई, फिर सीएनजी के दाम बढ़े और अब व्यावसायिक रसोई गैस सिलेंडर के दाम में साढ़े नौ रुपए तथा विमान ईंधन की कीमतों में 5.46 फीसद की बढ़ोतरी की गई। देश में बढ़ती महंगाई आज आम आदमी के जीवन से जुड़ी सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है। वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में लगातार वृद्धि से न केवल लोगों की क्रयशक्ति कम हो रही है, बल्कि सीमित आय में खर्च बढ़ने से घरेलू बजट का संतुलन भी बिगड़ रहा है। यह विचित्र बात है कि एक तरफ सरकार की ओर से विकास दर के चमचमाते आंकड़े दिखाए जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ आम लोगों की जेब ढीली होती जा रही है। पहले चीनी महंगी हुई, फिर सीएनजी के दाम बढ़े और अब व्यावसायिक रसोई गैस सिलेंडर के दाम में साढ़े नौ रुपए तथा विमान ईंधन की कीमतों में 5.46 फीसद की बढ़ोतरी की गई। जाहिर है कि इससे भोजन की थाली और हवाई यात्रा का महंगा होना तय है। सवाल है कि जब आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, तो फिर महंगाई को नियंत्रण में रखने के सरकार के दावों का क्या मतलब रह जाता है क्या सरकार ने बाजार को पूरी तरह खुला छोड़ दिया है, ताकि वह मनमाने तरीके से कीमतें तय कर सके! त्योहारों से पहले खुदरा महंगाई जिस तरह बढ़ी है, वह वास्तव में चिंता का विषय है। पिछले दिनों चीनी और प्याज के दाम बढ़ने का असर हर वर्ग पर पड़ा है। रसोई में इस्तेमाल होने वाली हर चीज अब महंगी हो चुकी है। वहीं, सरकारी आंकड़ों में कहा गया है कि सकल घरेलू उत्पाद में अनुमान से कहीं अधिक वृद्धि हुई है। इसके लिए सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है, लेकिन सवाल है कि इस वृद्धि को दर्ज करते समय महंगाई के आंकड़ों पर गौर क्यों नहीं किया गया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हाल में सीएनजी के दाम तीन रुपए नवासी पैसे बढ़ाए गए थे, जबकि मुंबई में दो रुपए बढ़ाए गए हैं। साफ है कि आम लोगों को अब ऑटो-टैक्सी का अधिक किराया देना पड़ सकता है। कुछ समय पूर्व दिल्ली में दूध के दाम बढ़े थे, अब मुंबई में इसकी कीमतें बढ़ाई गई हैं। सरकार को इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि आर्थिक प्रगति का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब वस्तुओं की कीमतों को भी नियंत्रण में रखा जाएगा।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र के अरिहंत नगर में एक 21 वर्षीय विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका ने अपने ही घर में यह आत्मघाती कदम उठाया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट न मिलने के कारण खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

पुलिस के अनुसार, मृतका का नाम चेतना पति विक्की चांदने (21)निवासी अरिहंत नगर है। परिजनों ने जब चेतना को कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देखा, तो घर में कोहराम मच गया। आनन-फानन में उसे फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस को प्राथमिक जांच में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिसके चलते नवविवाहिता द्वारा उठाए गए इस कठोर कदम के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों और पति के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और बयानों के आधार पर ही आत्महत्या के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# टेलीग्राम पर 'टास्क पूरा करने' का झांसा देकर 27 हजार रुपए की ठगी

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में टेलीग्राम ऐप के जरिए पार्ट टाइम जॉब और टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक युवक से हजारों रुपये की साइबर ठगी की गई है। पीड़ित को कमीशन बढ़ाने का लालच देकर किस्तों में कुल 27 हजार रुपये जमा करवा लिए गए। फरियादी की शिकायत पर चंदन नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, आम वाला रोड चंदन नगर निवासी अतहर हुसैन पिता तालिब हुसैन ने शिकायत दर्ज कराई है कि 25 जून की सुबह करीब 11 बजे उनके मोबाइल पर टेलीग्राम ऐप के जरिए एक एसएमएस लिंक आई थी। मैसेज में लिखा था कि दिए गए टास्क पूरे करने पर अच्छा प्रॉफिट मिलेगा। झांसे में आकर अतहर ने टेलीग्राम पर आई लिंक को ओपन किया और शुरुआती टास्क के लिए 1,000 रुपये जमा किए। इसके बाद आरोपी की ओर से बार-बार मैसेज आने लगे कि पैसे लगाने पर कमीशन बढ़ रहा है। अधिक मुनाफे के लालच में फरियादी ने दूसरी व तीसरी बार में 10-10 हजार रुपये, फिर 1-1 हजार रुपये करके तीन बार और अंत में 3,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इस तरह साइबर ठगों ने पीड़ित से कुल 27,000 रुपये ऐंठ लिए। जब ना तो प्रॉफिट मिला और ना ही मूल रकम वापस हुई, तब ठगी का अहसास हुआ।

# चोरों का धावा.. एक ही रात में मंदिर, घर और कमरे को बनाया निशाना

### नकदी-जेवर व मोबाइल ले उड़े बदमाश

**इंदौर।** बेटमा थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने एक ही रात में तीन अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदातों को अंजाम देकर सनसनी फैला दी। चोरों ने एक प्रसिद्ध मंदिर, मकान और किराए के कमरे के ताले तोड़कर हजारों रुपये की नकदी और मोबाइल पार कर दिए। पीड़ितों की शिकायत पर बेटमा थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पहली वारदात खाटू श्याम मंदिर में हुई। फरियादी राहुल पिता दिनेशचंद्र अग्रवाल ने बताया कि अज्ञात बदमाश मंदिर का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और दानपेटी का ताला खोलकर उसमें रखे करीब 60 से 70 हजार रुपये नकद चुराकर फरार हो गए।

वहीं, दूसरी और तीसरी वारदात जीवन ज्योति कॉलोनी में हुई, जहां बदमाश शुभम पिता महेश पाल के कमरे का ताला तोड़कर दो मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। इसी के पास स्थित नीलेश के कमरे में भी सेंधमारी कर चोरों ने 11,700 रुपये नकद उड़ा दिए। एक ही रात में हुई इन वारदातों के बाद बेटमा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# इंदौर शहर की बिजली वितरण क्षमता 1750 एमवीए हुई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर इंदौर शहर की बिजली वितरण क्षमता में सतत वृद्धि करने, अत्याधुनिक तकनीक के उपभोक्ता सेवा कार्यों में उपयोग, गुणवत्तापूर्ण मेंटेनेंस के कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को इंदौर शहर के पश्चिम संभाग अंतर्गत संगम नगर के 33/11 केवी सब स्टेशन के पावर ट्रांसफार्मर को मौजूदा क्षमता 5 एमवीए से बढ़ाकर 10 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया। अब इस सब स्टेशन के सभी पावर ट्रांसफार्मरों को मिलाकर कुल बिजली वितरण क्षमता 30 एमवीए हो गई हैं। कंपनी के इंदौर शहर अधीक्षण यंत्री मनेंद्र गर्ग ने बताया कि अब शहर की कुल बिजली वितरण क्षमता 1750 एमवीए हो गई हैं। शहर में पिछले एक वर्ष में 100 एमवीए ज्यादा वितरण क्षमता का विकास कार्य किया गया है। शहर अधीक्षण यंत्री गर्ग ने बताया कि शहर के सबसे ज्यादा बिजली वितरण क्षमता वाला 33/11 केवी सब स्टेशन पूर्व शहर संभाग के अंतर्गत महालक्ष्मी सब स्टेशन हैं, जिसकी वितरण क्षमता 42 एमवीए हैं। शहर वृत्त अंतर्गत कुल सब स्टेशन 141 की संख्या में बिजली वितरण सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

# कॉल पर झांसा देकर बैंक खाते से उड़ाए 68 हजार रुपए

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र के दुबे पैलेस में साइबर ठगी का एक नया मामला सामने आया है। अज्ञात कॉलर ने महिला को बातों में उलझाकर उसके बैंक खाते से एक ही झटके में 68 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़िता की शिकायत पर चंदन नगर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक और जिस बैंक खाते में राशि ट्रांसफर हुई है, उसके धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, दुबे पैलेस सिरपुर निवासी मंजू चौहान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 20 अगस्त की रात करीब 10:30 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया फोन उठाने पर आरोपी ने उन्हें बातों के जाल में फंसा लिया और विश्वास में लेकर उनके इंडियन बैंक के खाते नंबर 6628278303से धोखाधड़ी करते हुए एक ही बार में कुल 68,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। रुपये कटने का अहसास होने पर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। जांच में सामने आया कि ठगी गई राशि केनरा बैंक के एक खाते नंबर 110137998655 में ट्रांसफर हुई है, जो विना रानी के नाम पर है। चंदन नगर पुलिस ने मोबाइल नंबर और बैंक खाते के आधार पर अज्ञात आरोपी और खाताधारक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।



# विजयवर्गीय ने की मिश्रा से मुलाकात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दतिया निवास पर पहुंचकर पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा से भेंट कर कई मुद्दों पर चर्चा की।

# हेरिटेज ट्रेन को सातों दिन चलाया जाए

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा नेता और रेलवे सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य जगमोहन वर्मा लगातार पातालपानी क्षेत्र में चलने वाली हेरिटेज ट्रेन को लेकर कई बार मांग कर चुके हैं। अब उन्होंने कहा कि यह ट्रेन प्रकृति को निहारने के लिए सातों दिन चलना चाहिए। इसमें यात्री भी मिलेंगे और रेलवे की आय भी बढ़ेगी, सैलानियों को साथ में फायदा होगा।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 150100 | 154200 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 234900 | 239300 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# एक्वेटिक चैंपियनशिप की ट्रॉफी में 210 तैराकों ने भाग लिया

**इंदौर।** क्वींस कॉलेज, इंदौर के तत्वावधान में बुधवार को आयोजित इंटरस्कूल एक्वेटिक चैंपियनशिप 2026 में शहर के 22 प्रतिष्ठित विद्यालयों के 210 प्रतिभाशाली तैराकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जल की लहरों को चीरते हुए युवा खिलाड़ियों ने अपनी गति, कौशल, आत्मविश्वास और अदम्य खेलभावना का परिचय दिया। रोमांचक प्रतिस्पर्धा के बीच क्वींस कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। कार्यक्रम का शुभारंभ क्वींस कॉलेज की पूर्व छात्राएं जया सिसोदिया, रौशनी राजानी तथा विद्यालय की प्राचार्या वर्षा जैन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथियों ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में अंडर-8, अंडर-10, अंडर-12, अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए कुल 18 तैराकी स्पर्धाएं आयोजित की गईं । इनमें 25 एवं 50 मीटर फ्री-स्टाइल, बैकस्ट्रोक, ब्रेस्टस्ट्रोक, बटरफ्लाई स्ट्रोक तथा 4¢25 एवं 4¢50 मीटर फ्री-स्टाइल रिले प्रमुख रहीं ।

# अभिनेत्री स्वरा पर एफआईआर की मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



अभिनेत्री स्वरा भास्कर द्वारा राजपूत समाज की मातृशक्तियों पर कथित टिप्पणी को लेकर हिन्दवी स्वराज्य सेना ने रावजी बाजार थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। अमित पाण्डेय ने बताया कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से अभिनेत्री स्वरा भास्कर के संबंध में एक वीडियो में बयान प्रसारित हो रहा है, जिसमें राजपूत समाज की माताओं-बहनों एवं ऐतिहासिक जौहर परंपरा के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का विषय सामने आया है। उन्होंने बताया कि कथित टिप्पणी के शब्द, संदर्भ एवं प्रभाव प्रथम दृष्टया गंभीर प्रकृति के प्रतीत होते हैं तथा इससे संबंधित समाज के सदस्यों में आक्रोश एवं असंतोष उत्पन्न हुआ है। इसी के विरोध में हिन्दवी स्वराज्य सेना द्वारा इंदौर में शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रवि वर्मा एवं सपना चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

## लोक अदालत के लिए निगम भी भेज रहा है जानकारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नेशनल लोक अदालत 12 सितम्बर को आयोजित होगी, नगर निगम ने सम्पत्ति और जलकर दाताओं क़ो सरचार्ज में छूट के लाभ को लेकर सूचनाएं भेजना शुरू कर दी है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इसका फायदा उठा सकें।

## मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बुलेट पर बड़ी चालानी कार्रवाई

### *बगैर नम्बर की कार पर लगी थी ब्लेक फिल्म उसको भी लगा फटका*



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गीता भवन चौराहा पर यातायात पुलिस ने चैकिंग का विशेष अभियान चलाया। हिन्दूसिंह मुवेल और पुलिस निरीक्षक और टीम द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बुलेट को रोका गया और 4800 रु. का चालान बनाया। वहीं बिना नम्बर की थॉर जिस पर ब्लेक फिल्म लगी थी उसे रोककर ब्लेक फिल्म हटवाई गई और 2 हजार रु. का जुर्माना लगाया गया।

## नाबालिग की उपचार में मौत के बाद हर्ष क्लिनिक सील

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खातीवाला टैंक स्थित हर्ष क्लिनिक में उपचार के दौरान 10 वर्षीय बालिका दिव्यांशी सोलंकी की मृत्यु के मामले में स्वास्थ्य एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई है। परिजन द्वारा प्रस्तुत शिकायत के आधार पर संबंधित क्लिनिक को सील कर दिया गया है। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधवप्रसादी हासानी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के हर्ष क्लिनिक को कल सील किया और जूनी इंदौर थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि वे जांच पूरी कर रिपोर्ट देवे और आगामी आदेश तक इस क्लिनिक में चिकित्सा गतिविधि संचालित नहीं होने दें।



## चॉकलेट फैक्ट्री में मिली 375 क्विंटल शकर

### कई गोडाउन की भी हुई चैकिंग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शकर नियंत्रण आदेश के बाद खाद्य विभाग की टीम ने पैपै न्यूट्रिशन चॉकलेट फैक्ट्री पालदा में शकर का स्टॉक देखा तो वहां सीमा से अधिक 375 क्विंटल शकर जब्त की गई। अब विभाग दस्तावेज और स्टॉक का परीक्षण कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पालदा क्षेत्र में स्थित शकर डीलरों के गोदामों का भी निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान आकाश एंटरप्राइजेज में 2820 क्विंटल, प्रतीक ट्रेडर्स में 2885 क्विंटल, राज ट्रेडर्स में 2378 क्विंटल, अशोक इंटरप्राइजेज में 2600 क्विंटल, सार्थक इंटरप्राइजेज में 2578 क्विंटल, कशिश इंटरप्राइजेज में 1595 क्विंटल, घनश्याम दास आनंदराम बहरारी ट्रेड्स में 1580 क्विंटल, कृति ट्रेडिंग पालदा में 3813 क्विंटल तथा स्वस्तिक इंटरप्राइजेज में 1641 क्विंटल शकर का स्टॉक पाया गया। जांच में उक्त सभी डीलरों के यहां शकर का स्टॉक भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 4000 क्विंटल की स्टॉक सीमा के भीतर पाया गया।

## पैरालिसिस लकवा का इलाज करने वाले की शिकायत पर जांच

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिले में पैरालिसिस/लकवा के इलाज के नाम पर मरीजों की जान से खिलवाड़ किए जाने की शिकायत मिलने पर कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। प्राप्त शिकायत के अनुसार महू तहसील के बड़गोंदा के पास ग्राम बसीपीपरी में 'संजीवनी क्लीनिक' के नाम से एक व्यक्ति द्वारा पैरालिसिस/लकवा का इलाज किया जा रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संबंधित व्यक्ति द्वारा बिना किसी डिग्री के लकवा के इलाज के नाम पर मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

## कुष्ठ रोगी खोज अभियान के लिए कार्यकर्ता प्रशिक्षण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत इंदौर जिले में कुष्ठ रोगियों की खोज के लिए विशेष अभियान 16 सितम्बर से 08 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले में 1393 दलों का गठन किया गया है। गठित दलों द्वारा घर-घर पहुंचकर परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी तथा संभावित नए कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगी। कुष्ठ रोग को लेकर भ्रांतियां दूर करना भी उद्देश्य में शामिल है। इसी आयोजन को लेकर अभिनव कला समाज में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधवप्रसाद हसानी, डॉ. विशाल देसाई, डॉ. शरद गुप्ता, डॉ. खुर्शीद अहमद खान सहित अन्य मौजूद थे।

# इंदौरी ट्रैफिक का अलमस्त कहकहा, पोहा-जलेबी और पें-पें

इंदौर के मिजाज में एक अनोखा अपनापन है। सुबह पोहे-जलेबी की मिठास और हर तरफ गूंजते 'भिया' संबोधन से दिन शुरू होता है। लेकिन जैसे ही इंदौरी हाथ में गाड़ी की चाबी लेते हैं, उनका चिर-परिचित धैर्य अचानक रफ्तार में तब्दील हो जाता है। नियम-कायदों से ड्राइविंग स्कूल जाकर लाइसेंस लेने के बजाय, अपन इंदौरी तो दोस्त के सहारे सीधे सड़क पर गाड़ी उतारने के व्यावहारिक रास्ते पर यकीन रखते हैं। कुछ ही चौराहों के सफर में यह समझ आ जाता है कि किताबों के नियम अलग हैं और इंदौर की सड़कों का अलिखित व्याकरण एकदम जुदा।

यहां सड़क सिर्फ डामर की पट्टी नहीं, बल्कि सामूहिक संवाद का जीवंत मंच है। इशारों और हेडलाइट के अलावा हॉर्न तो शहर की दूसरी मातृभाषा बन चुका है। एक धीमा 'पें' अदब से आगे निकलने की अर्जी है, तो दो बार का हॉर्न साइड मांगने का संकेत। वहीं हॉर्न पर हथेली जमा देना चालक के खत्म होते सब्र की मुनादी करता है—चाहे सामने अस्पताल हो या स्कूल। लेन अनुशासन की स्थिति भी कुछ कम दिलचस्प नहीं है। वीआईपी सड़कों की सुंदर सफेद पट्टियों को हम कलात्मक सजावट मान बैठते हैं। तीन लेन पर छह गाड़ियां समानांतर दौड़ती हैं और बची सुई भर जगह से दोपहिया सवार सर्कस के अंदाज में कट मारते निकलते हैं। इसे 'स्मार्ट ड्राइविंग' समझना भूल है; असली समझदारी अपनी लेन की मर्यादा में रहने में है। सड़क पर कानूनी बहस से ज्यादा भारी वाहन के डील-डौल का सम्मान जरूरी है; चौराहे पर सही-गलत साबित करने से बेहतर है सलामत घर पहुंचना। आगे वाले के इंडिकेटर पर भी आंख मूंदकर भरोसा नहीं किया जा सकता—अक्सर बायां जलता है और गाड़ी दाईं तरफ मुड़ जाती है। इसलिए यहां बत्ती से ज्यादा चालक के मिजाज को पढ़ना पड़ता है। सुरक्षित फासला छोड़ते ही कोई न कोई गाड़ी घुसा देता है, फिर भी वह दूरी इमरजेंसी ब्रेक के लिए अनिवार्य है। रात में हाई-बीम की चकाचौंध और बाईं ओर से ओवरटेक करने की होड़ अक्सर दुर्घटनाओं को दावत देती है। जिस इंदौर ने अपनी सामूहिक इच्छाशक्ति से पूरे देश को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया, वही इंदौर सड़कों पर थोड़ा ठहराव और अनुशासन क्यों नहीं ला सकता? इंदौरी होने का असली गौरव सिर्फ 56 दुकान या सराफा के स्वाद में नहीं, बल्कि इस बात में है कि चौराहों पर हमारा दिल बड़ा दिखे, हॉर्न शालीन रहे और एक्सीलेटर हमारे विवेक के काबू में रहे। सबको पछाड़कर कलाबाजी दिखाना नहीं, बल्कि सुरक्षित मंजिल तक पहुंचना ही असली समझदारी है। **-राजकुमार जैन**

# बाजारों में सन्नाटा, ग्राहक कहां है? -अक्षय जैन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बाजार खुले हैं, दुकानें सजी हैं, गोदाम माल से भरे हैं लेकिन ग्राहक कहां है? दुकानदार करोड़ों की पूंजी स्टॉक में फंसाकर बैठा है और शाम को बिक्री का हिसाब देखकर चिंता बढ़ती जा रही है। हालत यह है कि कई व्यापारी अब कारोबार से नहीं, घर की जमा पूंजी से परिवार चला रहे हैं। फिर सवाल उठता है क्या यह मंदी केवल व्यापारी की निजी समस्या है? किसान की फसल खराब हो तो मुआवजा, उद्योग संकट में हो तो पैकेज और प्रोत्साहन; लेकिन बाजार में महीनों बिक्री न हो, पूंजी फंस जाए और कारोबार घाटे में चला जाए तो व्यापारी के हिस्से में क्या आता है? सिर्फ टैक्स की देनदारी और सरकारी नोटिस? सरकार अर्थव्यवस्था की सफलता का हिसाब टैक्स संग्रह से लगाती है। लेकिन टैक्स तब बनता है जब कारोबार होता है। बाजार में बिक्री नहीं होगी तो कल टैक्स भी नहीं होगा। इसलिए खजाना भरने से पहले यह देखना जरूरी है कि बाजार की सांस चल भी रही है या नहीं। आज व्यापारी तीन तरफ से दबाव में है घटती ग्राहक क्षमता, बढ़ती लागत और ऑनलाइन-बड़े कारोबार की प्रतिस्पर्धा। इसके बावजूद नीति निर्माण में उसका संकट प्राथमिकता नहीं बनता। व्यापारी की एक कमजोरी भी है। उसने कभी अपनी आर्थिक ताकत को संगठित राजनीतिक ताकत में नहीं बदला। वह देशप्रेम, धर्म और सामाजिक जिम्मेदारी में आगे रहा, लेकिन अपने आर्थिक हितों के लिए निर्णायक आवाज नहीं बना सका। लोकतंत्र में शायद यही सबसे बड़ी विडंबना है जो वर्ग रोज अर्थव्यवस्था को चलाता है, वही अपने संकट को सबसे कम राजनीतिक महत्व दिला पाता है। अब सरकार को आंकड़ों के भ्रम से बाहर निकलना होगा। 'टैक्स कितना आया' के साथ 'बिक्री कितनी हुई' और 'ग्राहक कितना खर्च कर रहा है' यह भी पूछा जाए। क्योंकि दुकान में पड़ा माल अर्थव्यवस्था की ताकत नहीं, फंसी हुई पूंजी है और बाजार में पसरा सन्नाटा सिर्फ व्यापारी का दर्द नहीं यह उस अर्थव्यवस्था की चेतावनी है, जिसमें उत्पादन तो हो रहा है, लेकिन खरीदने की ताकत कमजोर पड़ रही है। सवाल अब यह नहीं कि बाजार कब सुधरेगा। सवाल यह है सरकार बाजार की बिगड़ती हालत को गंभीरता से कब मानेगी?

## सईद आलम म्यूजिकल फॉर्म के मुख्य निर्णायक होंगे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिध )।** रायपुर, छत्तीसगढ़ में 4 से 6 सितम्बर को आयोजित होने वाले आठवीं राष्ट्रीय थाईबॉक्सिंग प्रतियोगिता में म्यूजिकल फॉर्म इवेंट के मुख्य निर्णायक मार्शल आर्ट्स कोच मास्टर सईद आलम को बनाया। कई लोगों ने आलम को बधाई दी।



**जाहिर सूचना**

**शहर इन्दौर में स्थित 'जंगमपुरा' के म्यु. पा. मकान नंबर 15 ( पन्द्रह ) पैकी दक्षिण दिशा तरफ के भाग बाबद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने श्री बाबूसिंह रघुवंशी पिता श्री रामगोपाल सिंह रघुवंशी निवासी 84 छत्रीपुरा इन्दौर (म.प्र.) वर्तमान पता 101 बियाबानी धार रोड़ इन्दौर (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन-भूखण्ड, जो कि शहर इन्दौर में स्थित 'जंगमपुरा' के म्यु.पा. मकान नं.15 (पन्द्रह) पैकी दक्षिण दिशा तरफ का भाग है। उक्त भाग की तलभूमि (भूखण्ड) का योग क्षेत्रफल 416 वर्गफीट अर्थात् लगभग 38.66 वर्गमीटर है,उक्त भूखण्ड पर एक मंजिला (तल मंजिल) भवन निर्मित है क़ो क्रय करने का सौदा करके प्रतिफल की आंशिक धनराशि का भुगतान भी कर दिया है।

यदि उक्त संपत्ति पर किसी बैंक/वित्तीय निकाय व अन्य किसी व्यक्ति का भार, बोझा, हित, स्वत्व, अधिकार, डिक्री, अटेचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह सप्रमाण आज दिनांक 03-09-2026 से 7 (सात) दिनों में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, बिना प्रमाण के आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, अवधि पश्चात् विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लिया जायेगा एवं कोई आपत्ति हमारे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी। इति, इन्दौर, दिनांक 03-09-2026

**अशोक कुमार पांडे, विकास विजयशंकर पांडे ( एडव्होकेट्स )**
**फोन नं. 2478132, 2440844 मोबाईल 98270 15307**
**प्रथम मंजिल, मारूति चेम्बर्स, 26/1, मोती तबेला, इन्दौर ( म.प्र. )**

# महिला एशिया कप में श्रीलंका की आसान जीत, इंडोनेशिया को हराया

**दुबई।** महिला एशिया कप 2026 में श्रीलंका ने लगातार दूसरी जीत हासिल कर ली है। इंडोनेशिया को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पर डिफेंडिंग चैंपियन श्रीलंका ने 75 रनों से हराया। इंडोनेशिया ने टॉस जीतने के बाद पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। टीम के गेंदबाजों ने दमदार खेल दिखाया। 13वें ओवर में 62 रन पर श्रीलंका के 6 विकेट गिर गए थे। इसके बाद भी टीम 124 रन बनाने में सफल रही। जवाब में इंडोनेशिया की पारी 19वें ओवर में सिर्फ 49 रनों पर ही सिमट गई। टीम की यह दो मैचों में दूसरी हार है।

**चमारी अटापट्टू ने 5 रन देकर 7 विकेट लिए-** श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने कमाल की बॉलिंग करते हुए 7 विकेट लिए। उन्होंने इस दौरान सिर्फ 5 रन दिए। यह महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट का 5वां और महिला एशिया कप का बेस्ट स्पेल है। इस दौरान उन्होंने हैट्रिक विकेट भी चटकाया। इंडोनेशिया की पारी के आखिरी तीन विकेट अटापट्टू ने लगातार तीन गेंद पर ले लिए। इंडोनेशिया की कोई भी बैटर क्रीज पर नहीं टिक पाई। नी माडे पुत्री सुवांदेवी ने सबसे बड़ी 12 रनों की पारी खेली। इसके लिए उन्होंने 32 गेंदों का सामना किया। ओपनर रहमवती पांगेस्तुती ने 14 गेंद पर 10 रन बनाए।

**निलाक्षिका सिल्वा ने फिफ्टी ठोकी–**नी कादेक अरियानी ने दूसरी ही ओवर में श्रीलंका को पहला झटका दे दिया। इमेशा दुलानी सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हो गईं। कप्तान चमारी अटापट्टू के बल्ले से 13 गेंदों पर 9 रन निकला। पावरप्ले में श्रीलंका ने दो विकेट पर 31 रन बनाए। इसके बाद विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा। हर्षिता समरविक्रामा ने 10 गेंद पर 5 जबकि कविशा दिलहरी ने 7 गेंद पर 6 रन बनाए। छठे नंबर पर उतरीं निलाक्षिका सिल्वा ने एक छोर संभाल लिया।

काव्या कविंती के साथ 7वें विकेट के लिए उन्होंने 50 रनों की साझेदारी दी। सिल्वा के बल्ले से 35 गेंदों पर 50 रनों की पारी निकली। उन्होंने 3 चौके और एक छक्का लगाया। काव्या 15 रन बनाकर नाबाद रहीं। नी लुह देवी ने 3 जबकि सांग मायप्रियानी ने दो विकेट लिए।

# हितेश, जगन्नाथ, दीपिका तथा नतानिया के स्वर्ण पदकों सहित 16 पदक भारत की झोली में



**इंदौर।** लाहटी (फिनलेंड) के ओलिंपिक ट्रेनिंग सेंटर में 28 से 30 अगस्त तक खेली गई वर्ल्ड पेरा फ्यूचर टेबल टेनिस चेम्पियनशिप में भारत ने एतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण पदको सहित कुल 16 पदक जीते । भारतीय पेरा खिलाड़ियों का यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। स्पर्धा में 28 सदस्यीय भारतीय दल सहित 30 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

भारतीय दल के प्रमुख (हेड ऑफ द डेलीगेशन) ओम सोनी तथा मुख्य प्रशिक्षक जयेश आचार्य ने बताया कि पुरूष एकल वर्ग के अंतिम मुकाबलों में क्लास-2 के एच.एम.जगन्नाथ ने आस्ट्रिया के पाउगर डी को, क्लास 9-10 में हितेश डोलवानी ने फ्रांस के सिगोलोट्टी को तथा महिला एकल वर्ग में क्लास 2-5 में विजया दीपिका ने भारत की ही सोनल पटेल को और क्लास 9-10 में नतानिया जियान ने हमवतन बेबी सहाना को मात देकर स्वर्ण पदको पर कब्जा कर लिया। इसके साथ ही नूरजहॉं जमानी, सोनल पटेल तथा बेबी सहाना ने महिला एकल वर्ग में खिताबी मुकाबलों में पराजित होकर रजत पदक जीते। जे.डी मदान, शुभम वाधवा तथा ए.सविता के कास्य पदकों सहित भारत ने एकल वर्ग में कुल 10 पदक जीत लिये।

पुरूष युगल मुकाबलों में रमेश चैधरी- सुमित सहगल ने दक्षिण अफ्रीका के इब्राहिम - अब्दुल रहमान को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। सुमित ने दीपिका रानी को साथ लेकर मिश्रित युगल के खिताबी मुकाबले में फिनलेंड के कसावेई - आईनों तापोला को शिकस्त देकर स्वर्ण पदक प्राप्त कर दोहरी सफलता अर्जित की। भारतीय जोड़ी सोनल पटेल-रमेश चौधरी ने मिश्रित युगल में रजत पदक प्राप्त किया। इनके अलावा शुभम वाधवा, जे.डी. मदान, प्राची पांडे, सविता अज्जनकट्टी तथा शिवम पाल-नूर जमानी ने कांस्य पदक जीते । इस तरह भारतीय खिलाड़ियों ने दस पदक एकल वर्ग में तथा छः पदक युगल वर्ग में जीतकर कुल 16 पदक प्राप्त कर अन्तरराष्ट्रीयं स्पर्धाओं में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

पेरा टेबल टेनिस प्रमोशन एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद गंगराडे ने बताया कि इस उत्कृष्ट प्रदर्शन में मध्य प्रदेश (विशेष रूप से इंदौर) की भूमिका उल्लेखनीय रहीं। स्पर्धा में इंदौर के ओम सोनी ने दल प्रमुख की भूमिका निभाई। जयेश आचार्य प्रमुख प्रशिक्षक रहे। इनके साथ ही रिंकु आचार्य सहयोगी प्रशिक्षक तथा पवन कारपेंटर फिजियोथेरेपिस्ट रहे। गुजरात के कल्पेश ठक्कर प्रशिक्षक तथा श्रुति सोनी अन्य फिजियोथेरेपिस्ट थे। इस अद्भुत उपलब्धि पर प्रमोद गंगराडे, नरेन्द्र कौशिक, प्रमोद सोनी, नीलेश वेद, गौरव पटेल, अमित कोटिया तथा नरेन्द्र शर्मा ने बधाईयां प्रेषित की।

# सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल चैंपियनशिप आज से

**इंदौर।** खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल में राज्य स्तरीय सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल चैंपियनशिप आज 3 सितंबर से आयोजित होगी। इस दौरान बालक और बालिका वर्गों में शहर के हजारों खिलाड़ी भागीदारी करेंगे।

मेजबान गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक गोपाल अग्रवाल ने बताया कि यह स्पर्धा अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 आयु वर्ग में आयोजित होगी। यह बास्केटबॉल की प्रदेश में होने वाली प्रमुख स्पर्धा है। इसमें मध्य प्रदेश के लगभग 78 विद्यालयों की 128 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस दौरान प्रदेश के करीब 1500 खिलाड़ी बास्केटबॉल कोर्ट पर अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे। स्पर्धा में खिलाड़ियों को बेहतर अनुभव मिले, इसके लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। मान्यता प्राप्त बास्केटबॉल रेफरी और निर्णायकों की टीम मैचों का संचालन करेगी। इस स्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों से टीमें इंदौर पहुंच चुकी हैं। गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल के इनडोर कोर्ट पर बुधवार को टीमों ने अभ्यास में अपनी तैयारियों को मजबूत दिया।

स्कूल के खेल अधिकारी डगलस ब्राउन ने बताया कि स्पर्धा की सभी तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं। सभी मुकाबले इनडोर कोर्ट पर होंगे, जिससे वर्षा या तेज धूप से खिलाड़ियों का खेल प्रभावित नहीं होगा। बास्केटबॉल कोर्ट भी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तैयार किए गए हैं। प्रदेशभर से आने वाली सभी टीमों और सपोर्ट स्टाफ के लिए आवास, भोजन, चिकित्सा सुविधा, परिवहन तथा प्रतियोगिता से संबंधित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित किया गया है। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को बेहतर एवं सुरक्षित खेल का वातावरण उपलब्ध कराने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।




# हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण के तत्वाधान में द ग्रीन वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर में शालेय संभाग स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में इंदौर संभाग के विभिन्न जिलों बड़वानी, खंडवा, खरगोन, अलीराजपुर, बुरहानपुर और धार के बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने सहभागिता क़ी। प्रतियोगिता के 14 वर्ष बालक वर्ग में इंदौर जिले की टीम ने शुरुआत से ही बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मुकाबलों में शानदार खेल का प्रदर्शन किया व प्रथम स्थान प्राप्त कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। वहीं खरगोन जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। मध्य प्रदेश हैंडबॉल संघ के सचिव डॉ हरदीपसिंह रूपल, राहुल बिछोतिया, अमन पटेल, शुभम भगत, हर्षित घेंघट उपस्थित रहे।

# आईपीएससी अंडर-14 गर्ल्स बास्केटबॉल का खिताब इंदौर के स्कूल को

**इंदौर।** ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर-14 गर्ल्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2026-27 में द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की । विद्या देवी जिंदल स्कूल, हिसार में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में एमरल्ड हाइट्स ने हैदराबाद पब्लिक स्कूल को 29-7 के बड़े अंतर से शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा जमाया।

टूर्नामेंट की शुरुआत से ही एमरल्ड हाइट्स की खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल, अनुशासन और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। लीग चरण से लेकर सेमीफाइनल तक टीम ने अपने दमदार प्रदर्शन से



प्रतिद्वंद्वी टीमों पर दबदबा बनाए रखा।

टीम की इस शानदार सफलता में आयती दुबे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन टीमवर्क और खेल कौशल का परिचय दिया।

# टाइगर वुड्स 5 साल तक नहीं चला पाएंगे गाड़ी

**न्यूयॉर्क।** गोल्फ के दिग्गज खिलाड़ी टाइगर वुड्स का ड्राइविंग लाइसेंस पांच साल के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। फ्लोरिडा की मार्टिन काउंटी सर्किट कोर्ट में डीयूआई मामले की सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया है। वुड्स ने लापरवाही से गाड़ी चलाने का स्वीकार किया। उन्हें 1500 डॉलर यानी करीब 1.3 लाख रुपये का जुर्माना भी भरना होगा। अदालत ने उन्हें केयरलेस ड्राइविंग का भी दोषी पाया। जज डैरेन स्टील ने वुड्स से कहा कि लाइसेंस सस्पेंड करने का फैसला लोगों की सुरक्षा की वजह से लिया गया है। जज ने चेतावनी दी कि अगर टाइगर वुड्स ने किसी भी वजह से गाड़ी चलाई तो उन्हें तुरंत जेल भेजा जा सकता है। 50 साल के वुड्स अपनी गर्लफ्रेंड वैनेसा ट्रंप और वकील डग डंकन के साथ अदालत पहुंचे थे। सुनवाई के दौरान उन्होंने ज्यादा कुछ नहीं कहा और बाद में पत्रकारों से भी बात किए बिना कोर्ट से चले गए। वुड्स को 27 मार्च को ऽळ्फ के शक में गिरफ्तार किया गया था। जब कोई व्यक्ति शराब, ड्रग्स या अन्य कोई नशीला पदार्थ लेकर गाड़ी चलाता है तो उसे कानूनी भाषा में DUI कहा जाता है। टाइगर वुड्स की एसयूवी ट्रक से खींचे जा रहे ट्रेलर से टकराई थी, जिसके बाद गाड़ी सड़क पर पलट गई थी। अधिकारियों के मुताबिक, वुड्स ने बताया था कि वह अपने फोन को देख रहे थे और रेडियो स्टेशन बदल रहे थे। इसी वजह से उनकी नजर धीमे हो रहे ट्रक पर नहीं पड़ी।



# डीपी पर कंकाल... जानवर का होने की आशंका

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** गीताभवन क्षेत्र में एक डीपी के ऊपर कंकाल दिखने के बाद हल्ला मच गया। हालांकि प्रारंभिक दृष्टिकोण के हिसाब से कंकाल किसी जानवर का नजर आ रहा है। इसकी जांच चल रही है।

# पत्नी से बात करने की वजह पूछने पर साले और रिश्तेदारों ने किया हमला

## बाइक और घर के कांच तोड़े

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र की फ्रेंड्स कॉलोनी सिरपुर में पत्नी से बात करने का कारण पूछना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। फरियादी के साले और उसके अन्य परिजनों ने मिलकर युवक के साथ जमकर मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी और घर के बाहर खड़ी बाइक व खिड़की के कांच तोड़ दिए। फरियादी की शिकायत पर चंदन नगर पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फ्रेंड्स कॉलोनी सिरपुर निवासी सिराज पिता नसीम अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी पत्नी का भाई बदीउज्जमां अपनी बहन से बातचीत कर रहा था। जब फरियादी ने सामान्य रूप से पूछा कि क्या बात हो गई है, तो आरोपी बदीउज्जमां उनसे गाली-गलौज करने लगा। इसी बीच फरियादी के साले आवेश, अतीक और साले का लड़का उमर भी वहां आ पहुंचे और वे भी गालियां देने लगे। जब सिराज ने चारों को गालियां देने से रोका, तो आरोपियों ने एकमत होकर हाथ-घूंसे से उनके साथ मारपीट कर दी, जिससे फरियादी के नाक, माथे और दाहिने हाथ की अंगुली में चोटें आईं। मारपीट के दौरान आरोपियों ने धमकी दी कि आइंदा हमारी बहन को कुछ कहा तो तुझे जान से खत्म कर देंगे। जाते-जाते आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी फरियादी की मोटरसाइकिल एमपी-09 क्यूजी 0740 की हेडलाइट और घर की खिड़की का कांच पत्थरों से तोड़ दिया। चंदन नगर थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पिता ने 13 साल के बेटे पर नुकीली वस्तु से किया हमला

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र की कृष्णबाग कॉलोनी में एक पिता द्वारा अपने ही 13 वर्षीय मासूम बेटे के साथ बेदर्दी से मारपीट और नुकीली चीज से हमला करने का मामला सामने आया है। बीच-बचाव करने पहुंची मां के सामने ही आरोपी पिता ने बेटे को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की शिकायत पर एमआईजी पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, कृष्णबाग कॉलोनी निवासी लक्ष्मी पति मुकेश चार्ल्स ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीती रात करीब 9 बजे उनके पति मुकेश चार्ल्स बिना किसी कारण के 13 वर्षीय बेटे के साथ गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़िता ने पति को गालियां देने से रोका, तो आरोपी आक्रोशित हो गया। आरोपी मुकेश ने बेटे पर किसी नुकीली वस्तु से हमला कर दिया, जिससे मासूम के सिर के पिछले हिस्से और बाएं कान के नीचे गंभीर चोटें आईं। यह पूरी घटना मकान मालिक भागवंती बाई और आसपास के लोगों ने देखी। जाते-जाते आरोपी बेटे को धमकी देकर गया कि 'आइंदा ज्यादा तेज चला तो जान से खत्म कर दूंगा'। एमआईजी पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी पिता के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जमीन धोखाधड़ी में फरार आरोपी गुजरात से गिरफ्तार, भेजा जेल

**इंदौर।** विजयनगर थाना पुलिस ने करीब दो वर्षों से फरार चल रहे एक शातिर जालसाज को गुजरात से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी ने बांसवाड़ा (राजस्थान) में जमीन दिलाने के नाम पर एक फरियादी से ब्रोकर के जरिए 1 करोड़ 38 लाख 13 हजार 750 रुपये हड़प लिए थे और गबन कर फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया आरोपी राजेश जैन पिता चंपालाल जैन मूल निवासी मोहन कॉलोनी, उदयपुर रोड, बांसवाड़ा, राजस्थान हाल निवासी अर्जुन अपार्टमेंट, अहमदाबाद, गुजरात विजयनगर थाने में दर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में लंबे समय से वांछित था। आरोपी ने बांसवाड़ा में जमीन का सौदा कराने का झांसा देकर फरियादी से ब्रोकर के माध्यम से कुल 1,38,13,750 रुपये ऐंठ लिए थे। राशि प्राप्त करने के बाद आरोपी न तो जमीन की रजिस्ट्री कराई और न ही पैसे वापस किए, जिसके बाद उसके खिलाफ अमानत में खयानत और धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया था। मामले में फरार आरोपी की तलाश के लिए विजयनगर पुलिस की एक विशेष टीम लगातार प्रयास कर रही थी। तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गुजरात के किशनगंज थाना क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी राजेश जैन को धर दबोचा। पुलिस पड़ताल में सामने आया है कि आरोपी का पूर्व से भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को इंदौर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**राजस्थान में जमीन दिलाने के नाम पर की थी ठगी**







# पेड़ की बड़ी डगाल आ गिरी बाल-बाल बचे युवक

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** वार्ड क्रमांक 59 के मोती तबेला क्षेत्र में दो युवक पेड़ की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। दोनों युवक सड़क किनारे खड़े थे, तभी समीप स्थित पेड़ से कुछ आवाज आई और वे वहां से तुरंत हटे, चंद सेकंड में पेड़ की एक बड़ी डगाल नीचे आ गिरी।गनीमत रही कि समय रहते युवक वहां से हट गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

# वाहन में महिला को बैठाने वाले को बजरंगियों ने पहुंचाया थाना

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** रावजी बाजार थाना क्षेत्र के भाट मोहल्ला स्थित भाट समाज धर्मशाला के सामने एक महिला को दूसरे वर्ग के युवक द्वारा जबरन अपनी गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया जा रहा था। महिला विरोध कर रही थी और महिला ने आवाज लगाई। वहीं मौजूद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तत्काल मौके पर पहुंचकर महिला को दूसरे वर्ग के व्यक्ति से बचाया। आरोपी को वहां रोके रखा और पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने तत्काल आरोपी को थाना पहुंचाया। बजरंग दल पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने इस मामले में कठोर कार्रवाई की मांग भी की। सारे वीडियो फुटेज भी पुलिस को दिए। बताया जा रहा है कि आरोपित व्यक्ति को पीटा भी गया, जिससे उसके कपड़े भी फट गए और अर्धनग्न अवस्था में पुलिस के 112 के जिम्मे किया गया। जानकारों का कहना रहा कि युवक का मुंह भी काला किया गया था।



# मल्हारगंज के एक मकान में निकला सांप

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**





मल्हारगंज क्षेत्र के एक मकान में उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां एक सांप आ गया। सांप को पकड़ने के लिए सर्पमित्र को बुलाया गया। सर्पमित्र बंटी के अनुसार सांप को किसी सपेरे ने छोड़ा है। आशंका जताई जा रही है कि नाग पंचमी के बाद सांप छोड़ा, सांप के जहर वाले दांत भी निकले हुए थे और मुंह का आगे की ओर से आकार भी बिगड़ा हुआ था। बंटी के अनुसार सांप को दिखाई भी नहीं दे रहा था और वह शिकार नहीं मिलने के कारण डीहाइड्रेड भी हो गया। इसके अलावा बिचौली और बिजलपुर के दो घरों से भी सांप को रेस्क्यू किया गया। बिजलपुर में घर में रखी शु रेक में करीब साढ़े चार फीट लंबा सांप था, वही बिचौली इलाके के घर से निकला सांप के फ़न कटे हुए थे। इन दोनों सांप को सर्पमित्र महेंद्र श्रीवास्तव ने रेस्क्यू किया।

**बिजलपुर और बिचौली के घर में निकले नाग को भी किया रेस्क्यू**

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।